# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 271 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## छठ घाटों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, समन्वय बनाकर करें काम

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायज़ा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आगामी छठ महापर्व के मद्देनज़र पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने शंकरघाट और गोधनपुर स्थित घाटों पर चल रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों से घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय तथा यातायात प्रबंधन जैसी आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।



मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छठ पूजा जन-आस्था का पवित्र पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु सूर्य उपासना के माध्यम से परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि इस पर्व का आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, ताकि रात्रि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही जलस्तर और सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी दल तैनात करने कहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अंबिकापुर में छठ पर्व उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हो और श्रद्धालु निर्बाध रूप से कठिन साधना के महापर्व को निर्विघ्न मना सकें।

### कलेक्टर-एसपी पहुंचे छठ घाट, समुचित व्यवस्था के निर्देश



लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर विलास भोसकर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय अंबिकापुर स्थित शंकरघाट छठ घाट, शिवधारी कॉलोनी घाट एवं करजी खर्रा नदी छठ घाट का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को घाटों में साफ-सफाई, स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन, पेयजल, बिजली आपूर्ति सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाए तथा भीड़ नियंत्रण हेतु समुचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, तहसीलदार उमेश बाज, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## घर में घुसकर दंपती की धारदार हथियार से नृशंस हत्या

### दरिमा थाना पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हरता में बुधवार की रात घर में सो रहे दंपती की बेरहमी पूर्वक हत्या कर दी गई। दंपती के सिर में धारदार हथियार से हमला के निशान मिले हैं। सोते समय दोनों पर हमला करने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम सूक्ष्म विवेचना कार्रवाई के बाद शव का मौका पंचनामा की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम कुम्हरता निवासी रीमा राम 52 वर्ष और उसकी पत्नी उर्मिला 50 वर्ष, बुधवार की रात को घर की परछी में जमीन पर सोए थे। गुरुवार को सुबह गांव का ही एक व्यक्ति किसी काम से इनके घर पहुंचा तो दरवाजे में बाहर से सांकल लगा हुआ था। संदेह होने पर वह आसपास के लोगों को इससे अवगत कराया। दरवाजा खोलने पर अंदर जमीन पर बिछे बिस्तर में दंपती की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। दोनों के सिर में गंभीर चोट के निशान थे और मौके पर काफी खून जमा हुआ था। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलने पर दरिमा थाना प्रभारी राजेश कुमार खलखो पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। विधि विज्ञान विभाग की टीम अंबिकापुर से घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का सूक्ष्मता से जांच की। पुलिस और फोरेंसिक टीम की प्रारंभिक जांच में दंपती के सिर पर धारदार हथियार से वार करना सामने आया है। दोनों की सोते समय हत्या करने का अंदेशा है, जिस कारण इन्हें बचने और हमलावरों से संघर्ष करने का मौका भी नहीं मिल पाया। बताया जा रहा है कि मृत दंपती नि:संतान थे और वे घर में अकेले रहते थे। दोनों खेती, मजदूरी कर के अपना जीवन यापन करते थे। मृतक के भाई का परिवार गांव में ही कुछ दूर रहता है। गांव के लोगों से इनका अच्छा तालमेल था, ऐसे में किसी से विवाद जैसी बातें फिलहाल सामने नहीं आई है। दरिमा थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। ग्रामीणों के बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### छात्रावास से 3.60 लाख रुपये चोरी, अधीक्षक पहुंचे थाने

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिला के लुंड्रा थाना, पुलिस चैकी रघुनाथपुर अंतर्गत प्रभात बालक छात्रावास से 3 लाख 60 हजार रुपये पार करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रावास अधीक्षक फादर विकास टोप्पो पिता फ्रांसिस टोप्पो ने पुलिस चैकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 19 अक्टूबर को शाम 7.30 से 8.30 बजे के बीच छात्रावास में स्थित उनके कमरे में घुसकर लगभग 3 लाख 60 हजार रुपये अलमारी के लॉकर से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। अपने स्तर पर उन्होंने चोरों के पतासाजी का प्रयास किया, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(4), 305(क) का मामला दर्ज कर लिया है।

## करोड़ों की वसूली का प्रयास करने वाले पंकज अग्रवाल के तलाश में जुटी पुलिस

### न्यायालय ने अग्रिम जमानत खारिज करते हुए जारी किया है गिरफ्तारी वारंट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भयादोहन कर करोड़ों की वसूली करने का प्रयास करने के मामले में सरगुजा पुलिस को राउरकेला निवासी पंकज अग्रवाल की तलाश है। न्यायालय ने इसका अग्रिम जमानत खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। न्यायालय द्वारा पंकज अग्रवाल को पूर्व में ही भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। पंकज अग्रवाल के संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।



मामला पूर्व में साजिश के तहत राउरकेला निवासी पंकज अग्रवाल के द्वारा राहुल गोयल और केके अग्रवाल को झूठे मुकदमे में फंसाने से जुड़ा है। करोड़ों रुपये की हेराफेरी के मामले में न्यायालय द्वारा आपराधिक परिवाद क्रमांक 787/2023 राहुल गोयल प्रति पंकज अग्रवाल में न्यायालय गिरवर सिंह राजपूत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंबिकापुर के न्यायालय ने 15.10.25 को गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए थाना प्रभारी उदितनगर जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा व पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा को ज्ञापन जारी कर उपरोक्त परिवाद में आरोपी पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार कर दिनांक 11.11.25 को न्यायालय में हाजिर करने का आदेश दिया है। कानूनी रूप से भगोड़ा घोषित पंकज अग्रवाल के तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। 14 अक्टूबर 2025 को अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की। इसके तुरंत बाद पंकज अग्रवाल ने अपने सभी मोबाइल फोन बंद कर दिए। 16 अक्टूबर की शाम 6 बजे से उसका कोई अता-पता नहीं है। 17 अक्टूबर की रात पुलिस टीम राउरकेला के लिए रवाना हुई और 18 अक्टूबर को पूरे दिन सघन सर्च अभियान चलाया गया। दोपहर करीब 2 बजे पुलिस टीम ने सर्च वारंट के साथ उसके घर में दबिश दी, लगभग 3 घंटे तक तलाशी अभियान चला। यह सब देखकर आसपास की पूरी कॉलोनी में भारी भीड़ जुट गई। जब लोगों ने पुलिस से पूछताछ की तो टीम ने स्पष्ट कहा कि पंकज अग्रवाल सैकड़ों करोड़ रुपये की बड़ी आर्थिक धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी है, इसी सिलसिले में उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। पंकज अग्रवाल ने राहुल गोयल और केके अग्रवाल को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची थी, आज वही पंकज अग्रवाल स्वयं कानून के शिकंजे से बचता फिर रहा है। सच्चाई अब सबके सामने है, जिसने फरेब का जाल बुना था, वही अब उस जाल में उलझ चुका है। उड़ीसा पुलिस के अलावा सरगुजा पुलिस भी पंकज अग्रवाल के तलाश में लगी है।

### फेब्रिकेशन के कारोबारी पर तलवार से हमला, केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** फेब्रिकेशन का कारोबार करने वाले युवक पर तलवार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक शीतला वार्ड करबला रोड निवासी ज्ञानेन्द्र नाथ मुखर्जी बिलासपुर में फेब्रिकेशन का काम करता है। दीपावाली त्योहार के मौके पर वह छुट्टी में अपने घर आया था। 21 अक्टूबर को पीजी कॉलेज मैदान से पटाखा लेकर घर वापस आते समय रात्रि करीब 12.30 बजे मोटरसायकल बंद हो गया और पटाखा गिर गया। गाड़ी खड़ा करके पटाखा उठाते समय शैलेश तिवारी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर तलवार लेकर आया। इस दौरान पीछे से खुशी राम यादव उसे पकड़ लिया और शैलेश तिवारी अपने हाथ में रखे तलवार से बाएं पैर में वार कर दिया, जिससे खून निकलने लगा। घटना के दौरान मौजूद साथी उसे थाना लेकर आया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 25-27 आर्म्स एक्ट के अलावा बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) का मामला दर्ज कर लिया है।

## बच्चे देश का भविष्य, उनका सर्वांगीण विकास हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस एवं सरगुजा जिले के गैर सरकारी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय केशवपुर में छात्र-छात्राओं को नशे की लत एवं उसके दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम एवं यातायात के नियमों का पालन करने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नवा बिहान की टीम ने किया। नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के संयोजक मंगल पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में नशामुक्ति, साइबर क्राइम एवं साइबर क्राइम से सुरक्षा तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं, उनका सर्वांगीण विकास करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उपनिरीक्षक अभय तिवारी यातायात पुलिस ने यातायात के प्रावधानों को अनदेखा कर वाहन चलाने से हो रही सड़क दुघर्टनाओं में बढ़ोतरी को आंकड़ों सहित प्रस्तुत किया और यातायात के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अनुज जायसवाल साइबर सेल ने साइबर अपराधों एवं उसके दुष्प्रभाव, सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। राजयोगिनी बीके विद्या ने बच्चों को सामाजिक बुराईयों से दूर रहने एवं महापुरुषों के जीवन से सीख लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आग्रह किया। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि जीवन को अच्छे से जीना है तो हमें पहले सुनना सीखना होगा। संतोष दास सरल ने बच्चों को सामाजिक बुराईयों से दूर रखने, अपने संस्कृति एवं संस्कार को आत्मसात करने 'स्वरग ले सुघर हवे हमर सरगुजा' स्वरचित काव्य प्रस्तुत किया। नवा बिहान नशामुक्ति के समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों के इस अभियान में सिविल सोसायटी, मीडिया, युवाओं व समुदाय के अन्य लोगों के सहभागिता की अपेक्षा व्यक्त की। स्कूल के अध्यापक डॉ. अंचल सिन्हा ने उपस्थित अतिथियों एवं सहभागी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काउंसलर सुनिधि मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य संतोष साहू, अनिल त्रिपाठी, अजीत लकड़ा, वंदना महथा, नीतु प्रेमा टोप्पो, प्रदीप बरई, विकास चंद्र श्रीवास्तव, धनंजय जायसवाल, सतीश भाई पटेल, विश्वजीत पाठक सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## हीरो शोरूम में हैवानियत

### बाइक सौदे पर हुआ विवाद, ग्राहक को अंदर घसीटकर बेरहमी से पीटा गया.. रिंच पाना से हमला

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** हीरो प्रीति ऑटोमोबाइल्स शोरूम में मोटरसाइकिल खरीदने पहुंचे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने शोरूम संचालक और स्टाफ पर गाली-गलौज,धमकी और लोहे की रिंच से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



ग्राम स्याहीमोड़ निवासी दिनेश कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह 20 अक्टूबर की दोपहर करीब ढाई बजे प्रीति ऑटोमोबाइल्स शोरूम पहुंचा। अपनी पुरानी टीवीएस मोटरसाइकिल एक्सचेंज कर नई हीरो सुपर स्प्लेंडर डिस्क ब्रेक बाइक खरीदने की बात तय की। बातचीत के दौरान पुराने वाहन का मूल्य 35,000 तय हुआ। नई गाड़ी की कीमत 1,00,000 तय हुई। 55,000 शोरूम के खाते में ऑनलाइन जमा किया।, शेष 10,000 प्रथम सर्विसिंग तक नगद देने की बात हुई।

आवेदक के अनुसार, जब कागज़ी औपचारिकताएँ पूरी की जा रही थीं। तब शोरूम के अकाउंटेंट ने अतिरिक्त 3,500 की मांग की। इस पर उसने आपत्ति जताई और पैसे लौटाने को कहा। इस बात पर शोरूम संचालक आशुतोष गुप्ता, उसका भाई गौरव गुप्ता और अन्य स्टाफ भड़क गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जबरन अंदर खींच लिया और लात-घूंसों और लोहे की रिंच से हमला कर घायल कर दिया।

दिनेश यादव के सिर पर चोट लगी और चेहरा खून से लथपथ हो गया। उसने बताया कि जब वह चीखने-चिल्लाने लगा, तब वहां मौजूद आकाश केशरी और अश्विनी केशरी बीच-बचाव के लिए पहुंचे। आरोपियों ने उनसे भी धक्का-मुक्की की। मारपीट की घटना का वीडियो भी वहां मौजूद कुछ लोगों ने बना लिया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

पुलिस ने घटना के बाद पीड़ित को शासकीय अस्पताल ले जाया गया। एमएलसी तैयार किया गया। उसने अगले दिन, 21 अक्टूबर को थाने में लिखित शिकायत दी।

पुलिस ने आवेदन के आधार पर आशुतोष गुप्ता, गौरव गुप्ता और अन्य अज्ञात स्टाफ के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रामानुजगंज ने बताया कि शिकायत गंभीर है। पीड़ित के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और शोरूम में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इस तरह की हिंसक घटनाएँ चिंता का विषय हैं। मामले के उजागर होने के बाद क्षेत्र में शोरूम में गुंडागर्दी को लेकर तीखी चर्चाएँ हैं।

### सार्वजनिक आश्वासन के बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के निर्माण, पुनर्निर्माण कार्य को 15 अक्टूबर तक प्रारंभ करने का आश्वासन महापौर, स्थानीय विधायक एवं सांसद के द्वारा सार्वजनिक रूप से देने के बाद भी 23 अक्टूबर तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इससे आमजन, विद्यार्थी, बीमार, व्यापारी एवं कार्यालय आने-जाने वाले नागरिकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने संबंधित विभाग से तत्काल स्थिति स्पष्ट करके कार्यारंभ की समय-सारिणी जारी करने का आग्रह किया है।

### दिशा समिति की बैठक कल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), जिला सरगुजा की बैठक जो पूर्व में 24 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा में आयोजित की जानी थी, अब 25 अक्टूबर, शनिवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे से आयोजित की जाएगी। संबंधित सभी सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।




# कंदरई में मवेशी तस्करी का पर्दाफाश, भागते वक्त नाली में फंसी पिकअप

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कंदरई के बासेनपारा में बुधवार की मध्यरात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने संदिग्ध रूप से जा रही एक पिकअप वाहन को रोकने की कोशिश की। मवेशियों से ठसाठस भरी उस पिकअप वाहन के चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन अफरातफरी के बीच वाहन नाली में जा फंसी, जिससे दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गई हैं। गौरतलब है कि पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 01 जीई 1880 का चालक करीब दर्जनभर गायों को ठूंस-ठूंसकर भरकर तस्करी कर रहा था। ग्रामीणों ने जब वाहन को रोकने की कोशिश की, तो चालक व उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। वाहन में गायों को जिस अमानवीय तरीके से भरा गया था, उसे देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बताया जा रहा है कि बासेनपारा के ग्रामीणों को देर रात पिकअप की गतिविधियों पर



शक हुआ। जब उन्होंने घेराबंदी कर रोकने की कोशिश की, तो चालक ने तेजी से गाड़ी मोड़ने की कोशिश की, लेकिन अंधेरे और जल्दबाजी के कारण वाहन नाली में उलझकर फंस गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी, आरक्षक रवि पांडेय व सुरेश साहू मौके पर पहुंचे। पुलिस दल ने दो मृत गायों का पोस्टमार्टम कराकर उनका अंतिम संस्कार कराया, वहीं तीन से चार घायल गायों का उपचार कराकर उन्हें कान्हा गौशाला जमदेई में सुरक्षित रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि घटना की अफरातफरी के बीच कुछ गायें अंधेरे में जंगल की ओर भाग गई हैं। नाली में फंसे पिकअप वाहन को भी काफी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि कंदरई क्षेत्र से कई बार मवेशी तस्करी की घटनाएं सामने आई हैं, और यह कोई एकलौता मामला नहीं है। ग्रामीणों ने अंदेशा जताया है कि कोई संगठित गिरोह सक्रिय है जो झारखंड में गायों को ले जाने की तस्करी कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि फरार वाहन चालक व उसके साथियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और गौ तस्करी पर नकेल कसने के लिए विशेष निगरानी दल बनाया जाए। जयनगर पुलिस द्वारा मामले में पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## कार्यालय सहायक पद के लिए दावा आपत्ति 31 तक

**कोण्डागांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) हेतु सृजित कार्यालय सहायक 1 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के स्क्रुटनी एवं परीक्षण पश्चात पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची कोण्डागांव जिले के बेबसाईट पर अवलोकन हेतु अपलोड किया गया है।

दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर 2025 शाम 05:30 बजे तक लिखित में कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष कमांक 118 कलेक्ट्रेट परिसर, कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव में स्वंय उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ती प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य माध्यम से प्राप्त अथवा समय-सीमा के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

# कोरेया में दो माह का अनाज हड़प गया दुकान संचालक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कोरेया में शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन घोटाला का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाते हुए मामले की शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के अलावा कलेक्टर जनदर्शन में की गई है। गांव के करीब सौ हितग्राहियों को दो महीने से चावल नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक लाल साय राजवाड़े ने शासन की महत्वाकांक्षी चावल उत्सव योजना के तहत जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन बांटने के नाम पर अनाज का गबन कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे हर महीने शासन से मिलने वाले राशन पर ही निर्भर रहते हैं। लेकिन पिछले दिनों तीन महीने के राशन में दुकान संचालक ने केवल एक माह का ही चावल बांटा और बाकी दो माह का नाम पर टिक्का लगाकर अपने घर बैठ गया। हितग्राहियों ने बताया कि उन्होंने इस गड़बड़ी की शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी और कलेक्टर सूरजपुर को जनदर्शन में लिखित रूप से




दी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कई हफ्ते बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने जांच तक शुरू नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बड़े नेताओं और अफसरों तक पहुंचने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही, तो आम आदमी कहां जाए। शासन की योजना गरीबों तक राहत पहुंचाने के लिए बनी थी, लेकिन भ्रष्ट तंत्र ने इसे कमाई का जरिया बना दिया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब हर माह राशन वितरण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होती है, तो फिर यह धांधली महीनों तक छिपी कैसे रही।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने विवश होंगे।ग्रामीणों की मांग है कि शासन प्रशासन तत्काल इस मामले की जांच कर दोषी दुकान संचालक को निलंबित कर सभी हितग्राहियों को बकाया राशन तुरंत उपलब्ध कराए।

## किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़ा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, दंतेवाड़ा में किलकारी एवं मोबाइल एकेडमी कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन श्री पंकज बर्मन (प्रोग्राम ऑफिसर, बस्तर संभाग) द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान आगामी एक वर्ष के लिए जिला एक्शन प्लान तैयार किया गया। इस अवसर पर आरसीएच नोडल अधिकारी, जिला डाटा मैनेजर, डीपीएचएनओ, बीईटीओ, ब्लॉक डेटा मैनेजर, ब्लॉक मितानिन समन्वयक तथा परिवार नियोजन परामर्शदाता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में डॉ प्रियंका सक्सेना जिला नोडल अधिकारी एवं मैटरनल हेल्थ के द्वारा शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की तथा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

## ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**कोण्डागांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** पशुधन विकास विभाग उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला कोंडागांव के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अवसर पर 17 अक्टूबर 2025 को ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशु प्रदर्शनी के सात विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद पंचायत फरसगांव अध्यक्ष मानकू राम नेताम, उपाध्यक्ष जद्दू राम नाग, जनपद कृषि स्थायी समिति के सभापति लीलावती नेताम, जनपद सदस्य बुधयारीन दुग्गा, जनपद सदस्य विजय मरकाम एवं हेमचंद देवांगन, सिदराय सलाम की गरिमामयी उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न हुआ। पशु प्रदर्शनी दुधारू गाय की श्रेणी में हेमचंद कुंवर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार बकरा, बकरी की श्रेणी में सुघनतिन को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी उपसंचालक डॉ. एम बी सिंग, डॉ सुरेन्द्र कुमार नाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ सुमन उइके, डॉ प्रियंका ठाकुर, डॉ अनिल कटरावत, डी पी साहू, महेश नाग, दीपेश बिस्वास, सी के कौशिक, चन्दन नाइक, अशोक तिवारी, मनोज नेताम तथा बड़ी संख्या में पशु पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गारमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**कोंडागांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को डोंगरीगुड़ा स्थित गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं से मुलाकात कर कार्यों के बारे में जानकारी ली और उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए।

महिलाओं ने कलेक्टर के समक्ष खाना खाने के लिए उचित स्थान की कमी, कार्यस्थल में अत्यधिक गर्मी तथा दूरदराज से आने वाली महिलाओं को घर लौटने में हो रही देरी जैसी समस्याएँ रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पन्ना ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन को भी श्रमिकों की सुविधा और कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने सभी महिला कर्मियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उन्हें उपहार भी भेंट की।

## भीड़ का फायदा उठाकर ज्वेलरी शॉप से ढाई लाख रुपये के सोने के दो हार उठा ले गई महिला

**रायपुर। एजेंसी।** रायपुर से लगे आरंग थाना क्षेत्र में धनतेरस के दिन ज्वेलरी शॉप में चोरी हो गई। यहां एक महिला ने बेहद चालाकी और सधी हुई योजना के तहत दुकान के स्टाफ को बातों में उलझाकर करीब ढाई लाख रुपए कीमत के दो सोने के हार पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 18 अक्टूबर की है, जब धनतेरस के दिन खरीदारी को लेकर ज्वेलरी दुकानों में भारी भीड़ थी। इसी दौरान एक महिला और एक युवक आरंग के मुख्य बाजार स्थित नवकार ज्वेलर्स पहुंचे। दोनों ने दुकान में पहुंचकर गहने देखने की बात कही। मौके पर मौजूद स्टाफ ग्राहकों की भीड़ में व्यस्त था, तभी महिला ने बड़ी चतुराई से स्टाफ का ध्यान भटकाया।

पुलिस के अनुसार, महिला ने गहनों के डिब्बे से करीब 23 ग्राम के दो सोने के हार निकालकर अपने साथी युवक को थमा दिए और मौके से



चुपचाप निकल गई। दोनों हारों की कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। दिनभर की भीड़भाड़ और ग्राहकों की आवाजाही के चलते किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी।

रात करीब 9 बजे जब दुकान का स्टॉक मिलान किया गया, तब दो हार कम पाए गए। शक होने पर दुकान मालिक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो उसमें एक महिला को हार चोरी करते हुए स्पष्ट देखा गया। इसके बाद घटना की पूरी जानकारी आरंग थाना को दी गई।

सूचना पर आरंग पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर फुटेज अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके साथी युवक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आसपास के इलाकों की दुकानों और बाजारों में भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक महिला गहने चोरी करते हुए दिख रही है। उसकी पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# आईपीएस अधिकारी पर एसआई की पत्नी ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप, अधिकारी बोले- महिला कर रही ब्लैकमेल

**रायपुर। एजेंसी।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के आईपीएस अफसर और वर्तमान में आईजी रैंक पर पदस्थ अधिकारी रतनलाल डांगी पर एक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी ने यौन उत्पीड़न और शारीरिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि अधिकारी बीते सात सालों से उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करते आ रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

बिलासपुर में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी ने आला अधिकारियों को दिए पत्र में आरोप लगाया कि आईजी रतनलाल डांगी ने सात वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। महिला ने कहा कि जब उसने अधिकारी से दूरी बनाने की कोशिश की, तो उस पर धमकियों और दबाव के जरिए संबंध बनाए रखने को मजबूर किया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब वह सरगुजा में आईजी थे, तभी उत्पीड़न की शुरुआत हुई और बिलासपुर आईजी बनने के बाद यह सिलसिला और बढ़ गया। महिला का कहना है कि अधिकारी अपनी पत्नी की अनुपस्थिति में उसे बंगले पर बुलाते थे और आपत्तिजनक हरकतें करते थे।



चंदखुरी पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में तबादला होने के बाद भी उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए परेशान करना जारी रखा।

महिला का आरोप है कि अधिकारी सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक कई बार वीडियो कॉल पर नजर रखने का दबाव डालते थे। शिकायत में लिखा है कि वह अब तक चुप रही क्योंकि उसके पति की नौकरी खतरे में पड़ सकती थी। आरोप है कि आईपीएस अधिकारी अक्सर उसे धमकी देते थे कि 'अगर तुमने विरोध किया तो तुम्हारे पति को नक्सल क्षेत्र में तबादला कर दूंगा।'

इधर, आईपीएस ने डीजीपी अरुणदेव गौतम को लिखित शिकायत देकर खुद पर लगे आरोपों को झूठा और साजिशन बताया है। उन्होंने कहा कि सब-इंस्पेक्टर की पत्नी पिछले कई वर्षों से उन्हें ब्लैकमेल कर रही है और उनके परिवार को मानसिक प्रताड़ना दे रही है।

अधिकारी ने डीजीपी को सौंपे पत्र में लिखा है कि महिला ने उनके वाशरूम और निजी पलों के वीडियो बनाकर उन्हें धमकाना शुरू किया।

- महिला जहर की शीशी लेकर कार्यालय आई और मुझे अपनी पत्नी से संबंध न रखने की कसम खिलवाई। उसने कई शर्तें रखीं, पत्नी से बात नहीं करना, तस्वीर नहीं खिंचवाना, जन्मदिन या सालगिरह नहीं मनाना।
- उसने कहा कि मैं रात में बालकनी में सोऊं और आठ घंटे तक लाइव लोकेशन और वीडियो कॉल चालू रखूं ताकि उसे भरोसा रहे कि मेरे साथ कोई नहीं है।
- स्नान, व्यायाम और वॉशरूम जाते समय भी वीडियो कॉल चालू रखने की शर्त लगाई गई थी।
- उसने वाशरूम में फोटो लिए और दिखाकर धमकाया कि अगर मैं उसकी बात नहीं मानूंगा तो ये तस्वीरें वायरल कर देगी।
- विरोध करने पर उसने ब्लेड से खुद का हाथ काटा और आत्महत्या का नाटक किया ताकि मैं डर जाऊं।
- दावा किया कि उसने मेरी सिफारिश से जिन लोगों की मदद की, उनसे रुपये वसूले और अब वह कहती है कि मैं झूठे रिकार्ड में फंसा दिया जाऊंगा।
- कई मौकों पर वह जहर की शीशी लेकर कार्यालय आती और कहती कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो यहीं आत्महत्या कर मुझे फंसा देगी।
- उसने मेरी पत्नी और बेटों से मुझे अलग कर दिया। मैं पिछले दो वर्षों से अपने घर में मानसिक अवसाद में जी रहा हूं।
- करवा चौथ के दिन उसने धमकी दी कि अगर मैं पत्नी के साथ पूजा में शामिल हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगी।
- महिला मेरे घर में जबरन घुसी, स्टाफ को अश्लील तस्वीरें दिखाईं और हंगामा किया।

पुलिस महकमे में सामने आए हाई प्रोफाइल सेक्स आरोप और ब्लैकमेलिंग की शिकायतों को छत्तीसगढ़ सरकार ने गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने 2001 बैच के आईपीएस डॉ. आनंद छाबड़ा की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

समिति में महिला आईपीएस अधिकारी मिलना कुर्रे को भी शामिल किया गया है। बताया गया है कि आईजी आनंद छाबड़ा ने शिकायतों की बिंदुवार जांच प्रारंभ कर दी है। रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई तय करेगी। मामले पर पुलिस मुख्यालय भी सतर्क निगरानी रखे हुए है।

## राम्प योजना के अंतर्गत कोण्डागांव में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन

**कोंडागांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 'उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (स्स्स्थ) से जुड़े दर्जनों उद्यमियों, बिहान महिला उद्यमियों, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी योजना तथा स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य जिले में स्स्स्थ सेक्टर को प्रोत्साहित करना, औद्योगिक नीतियों की जानकारी देना एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना था। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रभारी महाप्रबंधक कुसुमलता नेताम ने उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, क्रस्क्क योजना तथा नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024क्क25 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अब छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई सरल और पारदर्शी प्रक्रियाएँ लागू की गई हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वरोजगार के नए अवसर बन रहे हैं।

कार्यक्रम में जिले के प्रमुख बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और ष्टत्तज्ञस्रूस्भ के लाभों की जानकारी दी।

बैठक के दौरान बैंकर्स एवं हितग्राहियों के बीच सीधा संवाद हुआ, हितग्राही और बैंकों के अधिकारियों का अलग-अलग समूह बनाकर ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, दस्तावेज़ीकरण एवं अन्य औपचारिकताओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैंक अधिकारियों ने उद्यमियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया तथा मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर कार्यवाही भी प्रारंभ की गई।

## डीजीपी और आईजीपी के राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की तैयारियां शुरू

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक तीन दिवसीय डी.जी.पी. और आई.जी.पी. का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) और पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.पी.) शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन आई.आई.एम., नवा रायपुर में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय (महादनी भवन) में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सम्मेलन की सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों की तत्काल नियुक्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने सम्मेलन स्थल पर आने वाले डेलीगेट्स के आवागमन, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं आवास व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने रायपुर के सर्किट हाउस, प्रशासन अकादमी और अन्य स्थानों पर अतिथियों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख पुलिस अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, एन.आर.डी.ए., संस्कृति विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन में टला बड़ा हादसा

**दुर्ग, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन में आज एक बड़ी दुर्घटना होते होते टली. चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान एक यात्री का पैर फिसल गया और उसके शरीर का नीचला हिस्सा ट्रेन प्लेटफॉर्म के नीचे जा चुका था. लेकिन इसी दौरान वहां से गुजर रहे आरपीएफ, एएसआई ने सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए उसे खींचकर बाहर निकाल लिया, जिससे यात्री की जान बच सकी। जानकारी के मुताबिक, गाड़ी संख्या 09059 उधना-खुरदा रोड स्पेशल गुरुवार को दुर्ग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर शाम 6:52 बजे पहुंची और 7:05 बजे रवाना हो रही थी. इसी दौरान एक यात्री ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर गिरने लगा, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी. मौके पर मौजूद सहायक उप निरीक्षक संजय गांगुली ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए यात्री को पकड़कर खींच लिया और उसकी जान बचा ली. इसके बाद गार्ड द्वारा ट्रेन रोके जाने पर यात्री को सुरक्षित रूप से एसी कोच में बैठाया गया। एएसआई संजय गांगुली के इस साहसिक और उत्कृष्ट कार्य की सभी ने सराहना की है. उन्होंने मुस्तैदी और मानवता का परिचय देते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया. इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है ।

## अब प्लेटफार्म 7 से रवाना होंगीं साउथ बिहार समेत तीन गाड़ियां

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों पर रायपुर स्टेशन में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में प्लेटफार्म नंबर 5 की चौड़ाई कम होने के कारण रेलवे प्रशासन ने भीड़ बढ़ने की स्थिति में तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 5 के स्थान पर 7 नंबर से चलने का निर्णय लिया है। यात्रियों से अनुरोध है कि वह सीधे प्लेटफार्म नंबर 7 पर पहुंचे इसके लिए वह स्टेशन के गुढ़ियारी और के प्रवेश द्वार से सीधे प्लेटफार्म नंबर 7 पर आ सकते हैं। यात्रियों को बल्क मैसेज द्वारा उनके फोन नंबर पर भेजा गया है। लगातार रायपुर स्टेशन पर उद्घोषणा के माध्यम से भी यात्रियों को अवगत कराया जा रहा है । साथ ही कुलियों, सफाई कर्मियों ऑटो संचालकों को भी





इस हेतु जागरूक किया गया है कि वह सीधे इन यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर 7 पर पहुंचाएं। दुर्ग-पटना साउथ बिहार एक्सप्रेस और दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस 22 से 27 अक्टूबर एवं गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 23 अक्टूबर से प्लेटफार्म 07 से रवाना होगी।

## उप मुख्यमंत्री साव ने प्रधानमंत्री के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव व प्रधानमंत्री के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की । उप मुख्यमंत्री श्री कश्यप तथा वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर प्रवास की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्योत्सव की तैयारियों में जुटे अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप



मुख्यमंत्री श्री साव ने अधिकारियों को संपूर्ण आयोजन में किसी भी तरह की कोताही न बरतते हुए पूरी क्षमता और योग्यता से समय पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाना है। इसके लिए तैयारियों में कोई कोर-कसर न छोड़ें। प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान सभी कार्यक्रमों के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए तेजी से कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दें। उप मुख्यमंत्री श्री साव तथा मंत्रीद्वय केदार कश्यप और ओ.पी. चौधरी ने राज्योत्सव के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम स्थल पर सेक्टर्स की स्थिति, बैठक क्षमता, परिक्रमा पथ के लोकेशन एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था व पेयजल व्यवस्था के साथ ही वीवीआईपी सेक्टर की क्षमता, सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग तथा सभी कार्यक्रमों के व्यवस्थित आयोजन की रुपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, रायपुर नगर निगम के आयुक्त विश्वदीप और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री साय से पंजाब के मंत्रियों ने की मुलाकात

### गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिए दिया आमंत्रण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । मुख्यमंत्री साय से गुरुवार को उनके निवास कार्यालय में पंजाब सरकार के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुण्डियन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री साय को 9वें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, त्याग और मानवता के प्रति उनके संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है ।इस आयोजन में देशभर से श्रद्धालुओं, संत महात्माओं और विभिन्न राज्यों के गणमान्य नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री साय ने पंजाब सरकार के मंत्रियों द्वारा दिए गए आमंत्रण के लिए हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने अपने जीवन में धर्म, मानवता और समानता के जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## वित्त मंत्री चौधरी ने किया गजमार पहाड़ के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के गजमार पहाड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में जारी सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर रायगढ एवं डीएफओ रायगढ़ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन की योजनाओं का केवल निर्माण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण



क्रियान्वयन ही असली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनसामान्य को वास्तविक लाभ पहुंचाना है और इसके लिए योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों से न केवल धार्मिक पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ी रायगढ़ की शान है। ऐसा स्थल शहर के बीच इतनी ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की पहल पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान धाम अब आधुनिक स्वरूप में इको पार्क और इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होगा। बीते दिवस वित्त मंत्री श्री चौधरी ने 08 करोड़ रुपए की लागत से यहां होने वाले विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया था। गजमार पहाड़ी मंदिर विकास योजना की जानकारी देते हुए डीएफओ ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित योजना के तहत पहाड़ मंदिर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से ऊपर तक पहुंच सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत स्वीकृत सीढ़ियों का विकास कार्य, अवेयरनेस एक्टिविटी के लिए ओपन प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही वाच टॉवर, चिल्ड्रन एक्टिविटी एरिया, कैन्टीन, पैगोड़ा, पब्लिक वाशरुम, वाश एरिया निर्माण, यूटिलिटी एरिया, पार्किंग एवं प्रवेश स्थल का विकास कार्य, पाथ-वे निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य हो रहा है।

## भगवान महावीर की अंतिम देशणा से प्रकाशित हुआ सीमंधर जैन मंदिर

रायपुर । सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में भगवान महावीर स्वामी की अंतिम देशणा के प्रकाश स्वरूप सैकड़ों दीपक प्रज्वलित कर उजाला किया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अंतिम चातुर्मास पावापुरी नगरी में फरमाया । परमात्मा ने अंतिम समय जानकर जीवों के आत्मोत्थान के लिऐ 16 प्रहर तक देशणा ( उपदेश ) दी । भगवान महावीर स्वामी न अपने प्रथम शिष्य गणधर गौतम स्वामी को अंतिम समय में ब्राम्हण को प्रतिबोध देने निकट ग्राम भेज दिया । लौटते समय गौतम स्वामी जी को ज्ञात हुआ कि वीरप्रभु का निर्वाण हो गया है ।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शंकरघाट और गोधनपुर स्थित घाटों पर चल रही तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों से घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, शौचालय तथा यातायात प्रबंधन जैसी आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार



की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। श्री अग्रवाल ने कहा कि छठ पूजा जन-आस्था का पवित्र पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु सूर्य उपासना के माध्यम से परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हैं। इसलिए सरकार की प्राथमिकता है कि इस पर्व का आयोजन स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएँ, ताकि रात्रि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही जलस्तर और सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी दल तैनात किए जाने को भी कहा गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अंबिकापुर में छठ पर्व उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हो और श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें।

## संक्षेप

### करोड़ों के बजट की पानी टंकी बनी शोपीस, दीपावली पर भी सूखे रहे नारायणपुर गाँव के नल

संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के नारायणपुर गाँव में जल शक्ति मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए अब तक केवल दिखावा बनकर रह गई है। दीपावली जैसे बड़े पर्व पर भी गाँव के घरों तक पानी नहीं पहुँचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है ।ग्रामीणों का कहना है कि टंकी बनी तो है, लेकिन पानी नहीं आता। पाइपलाइन कई जगह टूटी हुई है और जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजों में योजना को सफल दिखा रहे हैं। लोगों ने बताया कि दीपावली पर पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण गाँव के लोगों को निजी नलों से पानी निकालना पड़ा ।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू कराई जाए और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

### हरौनी रेलवे स्टेशन के पास साईं नदी पुल के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव


संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ जनपद के बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरौनी रेलवे स्टेशन के पास स्थित ग्राम पुरही में साईं नदी पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह नदी किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुल के नीचे शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभिक जाँच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है ।स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ बनी हुई हैं ।थाना प्रभारी बंथरा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## उत्तर प्रदेश में दलित की हत्या व पेशाब मामले को लेकर गरमाई राजनीति, मायावती ने की निंदा

संवाददाता

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार के मामले को लेकर सपा-बसपा सहित कई विपक्ष दलों ने सरकार को घेरा है । प्रयागराज में दलित युवक की हत्या और लखनऊ के धार्मिक स्थल में बुजुर्ग के साथ मारपीट करने और पेशाब चटवाने को लेकर राजनीति गरमा गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि लखनऊ की घटना की जांच की जा रही है। आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने राज्य में दलितों पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए सवाल उठाया है कि दलितों पर अत्याचार कब रुकेगा। उन्होंने पिछले दिनों प्रयागराज के धूमनगंज स्थित मुंडेरा चुंगी के पास दो पक्षों में हुए मामूली विवाद के बाद रावेंद्र



कुमार उर्फ मुन्नू की हत्या के मामले में सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बसपा प्रमुख ने लखनऊ के काकोरी स्थित एक धार्मिक स्थल में दलित बुजुर्ग के साथ मारपीट और पेशाब चटवाने की घटना को लेकर आरोपित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है ।उन्होंने इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि 65 वर्षीय रामपाल के साथ की गई मारपीट व अमानवीय घटना के संदर्भ में सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा है कि किसी की भूल का अर्थ यह नहीं है कि उसे अपमानजनक व अमानवीय सजा दी जाए। परिवर्तन ही परिवर्तन लाएगा। आप के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा है कि भाजपा राज में दलित होना गुनाह है। वहीं आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्र शेखर ने कहा है कि यह जाति आधारित मानसिकता का शर्मनाक प्रदर्शन है। यह अपराध नहीं, बल्कि जातिवाद की मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। बुधवार को बसपा व आप नेताओं ने पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात भी की है।

## रेवतापुर फायरिंग केस: घायल सोनू यादव की मौत,

### 6 आरोपी गिरफ्तार -8 फरार की तलाश में पुलिस

संवाददाता

पीजीआई। कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन चौकी अंतर्गत रेवतापुर गांव में सोमवार दोपहर विवाद के बाद हुई फायरिंग में घायल सोनू यादव की मंगलवार को उपचार के दौरान एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य 8 की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

पीजीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके से पुलिस ने 1 लाइसेंसी रायफल, 2 फायर कारतूस खोखा और 1 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

**पहला पक्ष:**

अजय यादव निवासी रेवतापुर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर अनुज यादव ने गाली-गलौज व रॉड से हमला किया। जब शिकायत करने परिजन गए तो दूसरे पक्ष ने छत से ईंट-पत्थर चलाए, जिसमें आठ लोग घायल हुए।

**दूसरा पक्ष:**

विवेक यादव की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी कपिल यादव ने अपने पिता की लाइसेंसी रायफल से उसके भाई सोनू यादव को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

**गिरफ्तार आरोपी:**

अजय यादव उर्फ बच्चा यादव,विजय यादव ,कपिल यादव उर्फ बादल ,सचिन यादव उर्फ अनुराग ,जितेन्द्र उर्फ चन्दन यादव,अनुज यादव उर्फ विवेक

इन सभी पर हत्या, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। कई अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले और जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है।

**फरार आरोपी:**

विनेश यादव, रामदुलारी, नीतू यादव, संजय यादव, उषा यादव, प्रीती यादव, ज्योति यादव और वर्षा यादव।

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

## सोहन लाल श्रीमाली की कार्यावधि बढ़ाए जाने पर विकास सैनी ने दी बधाई

### गोमतीनगर स्थित आवास पर पहुंचे माल क्षेत्र के कार्यकर्ता

संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली की कार्यावधि बढ़ाए जाने पर विकास सैनी ने अपने साथियों संग गोमतीनगर स्थित बहुखंडी मंत्री आवास पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विकास सैनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोहन लाल श्रीमाली जैसे समर्पित व अनुभवी नेतृत्व को पुनः कार्य का अवसर मिलना पूरे संगठन के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम के दौरान सोहन लाल श्रीमाली ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की रहेगी। उन्होंने कहा, ह्लसाथ चलने से एकता बढ़ती है, और संगठन मजबूत होता है। हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है, लेकिन कार्यकर्ता भी पार्टी की रीढ़ हैं। सक्रिय कार्यकताओं की बदौलत ही पार्टी आगे बढ़ती है।

गौरतलब है कि सोहन लाल



श्रीमाली लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य कर चुके हैं और संघ के विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए उन्होंने समाजसेवा और संगठन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है ।इस मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने श्रीमाली को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलने की आशा जताई।

## बिजली विभाग की वर्टिकल व्यवस्था के खिलाफ आयोग में प्रस्ताव दाखिल

### टोल फ्री नंबर 1912 की सेवाओं पर खड़े किए सवाल

संवाददाता

लखनऊ। केस्को (कानपुर), अलीगढ़, मेरठ, बरेली के बाद पावर कारपोरेशन द्वारा लखनऊ, नोएडा सहित कुछ अन्य शहरों में विद्युत उपभोक्ता सेवा के लिए वर्टिकल व्यवस्था लागू करने के विरोध में राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में लोक महत्व का प्रस्ताव दाखिल किया है ।जिसमें कहा है कि नियामक आयोग की अनुमति के बगैर यह यह व्यवस्था लागू की गई है, जो कि विद्युत वितरण संहिता का उल्लंघन है। यह आदेश रद किया जाना चाहिए।परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा है कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन, निजीकरण के लिए वर्टिकल व्यवस्था लागू कर रहा है। वर्टिकल व्यवस्था कस्टमर केयर टोल फ्री नंबर 1912 के सहारे की जा रही है। इस व्यवस्था में ओटीपी व्यवस्था अब तक लागू नहीं की गई है ऐसे में उपभोक्ताओं का भरोसा इस पर नहीं है।



उन्होंने बताया है कि लोक महत्व प्रस्ताव के माध्यम से आयोग को अवगत कराया गया है कि यह व्यवस्था विद्युत वितरण संहिता के प्रविधानों का उल्लंघन है। आयोग को विश्वास में लिए बगैर वर्ष 1947 में बने राज्य विद्युत परिषद के स्ट्रक्चर में बदलाव किया जा रहा है। विद्युत वितरण संहिता-2005 के अनुसार यदि कोई लाइसेंसी ( डिस्काम) उपभोक्ताओं के लिए कोई नई व्यवस्था लागू करता है तो इसकी जानकारी नियामक आयोग को देना अनिवार्य होता है ।इस प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है ।वर्मा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत वाजपेई को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। उनसे कहा कि वर्टिकल व्यवस्था से उपभोक्ताओं में आक्रोश है इस मामले में तत्काल सरकार से हस्तक्षेप की बात होनी चाहिए। वर्मा के मुताबिक सांसद डा. वाजपेयी ने कहा कि वह इस मामले में नियामक आयोग को पत्र लिखेंगे।

## डीआरडीओ में तैनात ब्रह्मोस मिसाइल के सिस्टम इंजीनियर की मौत, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

संवाददाता

लखनऊ। दिल्ली स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में कार्यरत ब्रह्मोस मिसाइल के सिस्टम इंजीनियर 30 वर्षीय आकाशदीप गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को मृत्यु हो गई। उनका परिवार आलमबाग के ओम नगर में रहता है आकाशदीप भी इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। परिवारीजन के मुताबिक छह महीने पहले ही आकाशदीप का विवाह हुआ था। पत्नी भी दिल्ली में एक बैंक में कार्यरत हैं। आलमबाग इंस्पेक्टर एससी सरोज के मुताबिक आकाशदीप दिल्ली में तैनात थे। भाई अनुराग ने बताया कि कुछ दिन पहले वह छुट्टी लेकर घर आए थे। मंगलवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।



परिवार ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल स्टाफ ने सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर के मुताबिक, पोस्टमार्टम में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हुए हैं। घटना की जानकारी दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर भी दी गई है। आकाशदीप बीते कई वर्षों से ब्रह्मोस मिसाइल के मिशन से जुड़े थे।

**सम्पादकीय**

# दीपावली पर फिर जहरीली हो गई एनसीआर की हवा

वही हुआ जिसका डर था। दिवाली आते ही राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में हवा जहरीली हो गई। हालांकि दिवाली से चार दिन पहले ही एनसीआर में ग्रैप एक लागू कर दिया था। इसके बावजूद प्रदूषण है कि कम होने की बजाए बढ़ गया। हवा की गति कम होने व सर्दी के आगमन और दिवाली के पटाखों ने आम आदमी का हाल बेहाल कर दिया। दिन में ही आसमान में स्मॉग की चादर छाई नजर आई। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर गंभीर व बेहद खराब की स्थिति में पहुंच गया है। ऐसे में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 296 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 28 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसा माना जा रहा था कि इस साल प्रदूषण का स्तर कम रहेगा। इस साल बाढ़ की वजह से आग लगने और पराली जलाने की घटनाएं पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले काफी कम थीं। इसके बावजूद दिल्ली में एक्यूआई 195 रिकॉर्ड किया गया है। पराली कम जलने के बावजूद दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए भारी ट्रैफिक को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। भारी ट्रैफिक के चलते लोकल गाड़ियों से निकलने वाला धुआं दिल्ली की हवा में लगातार जहर घोल रहा है। इसके अलावा तापमान में गिरावट और हवा की धीमी रफ्तार इन धूल कणों को वातावरण में लंबे समय तक बनाए रखने में मददगार साबित हो रहा है। इसके साथ ही दीपावली पर पटाखे चलाने के चलते यह स्थिति और भी भयावह हो गई है। एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। इसके अलावा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में लोगों को सांस लेने में परेशानी महसूस हुई। दिवाली पर दिल्ली व आसपास के खरीददारी करने के लिए गाड़ी लेकर निकले लोगों ने भी हवा में जहर घोलने में अहम भूमिका निभाई। जिसके चलते वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। इसके चलते सांस के मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या भी हो रही है। राजधानी की हवा में दिवाली से एक दिन पहले ही मानकों से दोगुना प्रदूषण दर्ज किया गया था। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम-10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। ऐसे में प्रदूषक तत्व पीएम 10 का स्तर 251 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो दोगुने से अधिक है। वहीं, पीएम 2.5 का स्तर 112 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो दोगुने के आसपास है। प्रदूषण में बढ़ोतरी के लिए मुख्यतौर पर विभिन्न स्रोतों से पैदा होने वाले प्रदूषण के कण और मौसम के कारक जिम्मेदार हैं। जिसके चलते हवा में जहर घुल गया और दिवाली के पटाखों ने इसे और भी खतरनाक मोड पर पहुंचा दिया। कोर्ट से इजाजत मिलने के बाद लोगों ने दिवाली पर जमकर आतिशबाजी की। पटाखों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण बढ़ाता है, जिससे दमघोंटू और दम घुटने वाली हवा पैदा होती है। यह हवा सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों से भरी होती है। जब भी पटाखे फोड़े जाते हैं तो ये गैस प्रदूषण के रूप में हवा में घुल जाती है। जो किसी भी इंसान के लिए जहर की तरह हैं। जो हो चुका उसे तो अब नहीं बदला जा सकता, लेकिन अगर सजगता बरते तो हवा को जरूर सही किया जा सकता है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ आम आदमी को भी पहल करनी होगी। जहां तो जरूरी न हो अपना वाहन न चलाएं। वाहनों का कम से कम प्रयोग करें। घर के बाहर कुड़ा न जलाएं, अगर निर्माण कार्य चल रहा है तो कुछ दिनों के लिए रोक दे। ये छोटे-छोटे कदम बड़ी राहत देंगे।

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय



**कृषि योजना**
प्रमोद भार्गव

> दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं।

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें, बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं, यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी वारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और



अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं, तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से, उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से, राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आयात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा करके आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में आधुनिक गोदाम और कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाना होगा। यह इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दाल से बेसन, पापड़, नमकीन और अन्य उत्पाद बनाने के लिए स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों की आय में और वृद्धि होगी। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते? ऐसी मंशाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**विचारधारा**
आचार्य श्रीहरि




# मरने-मारने की हिंसा में निपट गया माओवाद

माओवाद एक विदेशी विचारधारा है। माओवाद की आधारशिला रखने वाला माओत्से तुंग एक चीनी तानाशाह था। वह अपने पड़ोसी देशों भारत, वियतनाम, भूटान, नेपाल ही नहीं बल्कि जापान, फिलिपींस और कंबोडिया जैसे देशों को भी कीड़े-मकौड़े की तरह देखता और समझना था। अपनी सैनिक शक्ति के बल पर उन्हें कुचलना चाहता था और अपना गुलाम भी बनाना चाहता था। इसीलिए उसने भारत पर हमला किया था, वियतनाम सहित अन्य देशों को भयभीत किया था। माओवाद की विचारधारा भारतीय संस्कृति और सभ्यता से एकदम अलग है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता से माओवाद दुश्मनी का भाव रखता है। जैसे एक मयान में दो तलवारें नहीं हो सकती हैं, वैसे एक ही भूभाग पर दो भिन्न-भिन्न विचारधाराएं गतिमान नहीं रह सकती हैं। भारतीय संस्कृति और सभ्यता वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करती है, समान न्याय में विश्वास करती है, अहिंसा में विश्वास करती है, लूटमार, हत्या और डकैती से विरक्त है। इसीलिए हमारी संस्कृति अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत पर टिकी हुई है। भगवान महावीर ने अहिंसा को मुक्ति का मार्ग बनाया था, आज भी भगवान महावीर के अनुयायी अहिंसा के सिद्धांत का पालन करते हैं और अपने मुंह पर पट्टी लगाते हैं, ताकि कोई प्राणी उनके मुख में आकर शिकार न बन जाए। महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भगाने के लिए इसी अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत का पालन किया था। अहिंसा के सिद्धांत पर चलकर महात्मा गांधी अमर हो गये और आज भी भारत के जनमानस पर उनकी छाप अंकित है और सत्ता की राजनीति भी महात्मा गांधी के अहिंसा के विचारों को आत्मसात कर गतिशील होती है। ऐसी धरती पर माओवाद का अस्तित्व और सक्रियता के जीवंत होने की बहुत बड़ी उम्मीद पालना ही नाउम्मीदी के सम्मान थी, जिसके पीछे असंख्य हत्याएं हुई, विकास और उन्नति की उम्मीदों और सक्रियताओं को बन्दूकों की गोलियों से संहार किया गया, कुचला गया। माओवाद एक तरह से इस्लाम के सहचर जैसे हैं। जिस प्रकार से इस्लाम अपने जन्मकाल के सिद्धांतों से बंधा हुआ है और नये विचारों को अपनाने के लिए तैयार नहीं होता है, उसी प्रकार माओवाद अभी भी बन्दूक की गोली से सत्ता मिलती के सिद्धांत को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। भारत की लोकतंत्र में ये स्वयं अपनी जगह बनाने के लिए तैयार नहीं हैं और भारत की जनता बन्दूक की गोली की क्रांति के साथ चलने के लिए तैयार भी नहीं है। माओवाद की कहानी हिंसक है, खूनी है और तानाशाही है। तानाशाही जहां पर होती है वहां पर जनता की भागीदारी नहीं होती है, जनता की इच्छा कोई स्थान नही रखती है, जनता अपना भाग्य विधाता खुद नहीं चुन सकती है, जनता सिर्फ तानाशाही की इच्छा का पालन करने और तानाशाही के फरमान के अनुसार चलने के लिए बाध्य होती है। कहने की जरूरत नहीं है कि माओवाद जिसके आधार पर खड़ा है यानी कि माओत्से तुंग वह खुद एक तानाशाह था। माओ कहता था कि सत्ता बन्दूक की गोली से निकलती है, सत्ता जनता की इच्छा और जनमत से नहीं निकलती है। यही कारण था कि माओ ने चीन पर वर्षों राज किया, राज करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ बन्दूक की गोली थी। माओ ने चीन से बाहर झांक कर नहीं देखा था, उसने अमेरिका के एटम बम से मारे गये हिरोशिमा-नागाशकी लोगों की विभत्स पीड़ा को नहीं देखी थी, उसने ब्रिटेन के उपनिवेशवाद के प्रहार से बने गिरमिटिया मजदूरों के संघर्ष और अपनी भूमि से बेदखल होने की पीड़ा को नहीं देखा था। हमारा प्रश्न यह है कि अगर माओवाद जनकल्याणकारी था, वैज्ञानिक था तब माओवाद का अंत माओ के मरने के साथ ही क्यों हो गया? भारत का लोकतंत्र जीवंत भी है और गतिमान भी है। लाख विसंगतियां और संकट होने के बावजूद लोकतंत्र के प्रति विश्वास कायम है। माओवाद, लेनिनवाद और मार्क्सवाद एक विफल और खारिज हुई विचारधारा है, जिसमें सिर्फ और सिर्फ हिंसा और तानाशाही निहित है। यही कारण है कि पहले सोवियत संघ का पतन हुआ, लेनिन, स्तालिन और मार्क्स की विचार धाराएं ध्वस्त हुई, फिर चीन माओ की विचारधारा से अलग होकर पूंजीवाद के चरम पर पहुंच गया। भारत में भी माओवाद निरर्थक बन गया है। विश्वविद्यालयों में धमक रखने वाला और धमाल मचाने वाले माओवादी समर्थक युवाओं की कमी महसूस की जा सकती है, इसके घटने और निरर्थक बन जाने को महसूस किया जा सकता है। माओवाद बंदूक की क्रांति की उम्मीद छोड़ेगा नहीं और भारत की जनता इनकी बन्दूक क्रांति होने नहीं देगी। ऐसी परिस्थितियों में माओवाद का निरर्थक होना और माओवाद का संहार होना अनिवार्य ही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## स्वयं की शक्तियों को पहचानें



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य ही क्या प्राणिमात्र के जीवन की सफलता उसके कर्मों पर निर्भर है। उसके कर्म, ज्ञान, संकल्प, साहस तथा आचरण पर निर्भर करते हैं। अपने आपको जाने बिना व्यक्ति को अपनी क्षमता का आभास नहीं हो सकता। यही वह आत्म-तत्व है, जिसका विवेचन कर मनुष्य विश्वास के साथ अपने जीवन का निर्देशन करता है। सभी प्राणियों में मनुष्य में यह विशेषता होती है कि वह अपने विवेक का प्रयोग कर जीवन की एक धारा निर्धारित कर सकता है। शनैः शनैः सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। स्वयं की शक्तियों को पहचानने का ज्ञान ही तो जीवन-दर्शन का तत्व है, जिसको आत्म-तत्व भी कहते हैं। यही वह ज्ञान है जो हमें अपनी शक्तियों को समाज के कार्यों में लगाने की प्रेरणा देता है। ज्ञानेंद्रियां मन के अधीन होती हैं और मन बुद्धि के। बुद्धि का संबंध आत्मा से है जो बुद्धि को संयत रहने के लिए प्रेरित करती है। यह आत्मा ही परमात्मा का अंश है। आत्मा का विकास होने पर वह महान-आत्मा (महात्मा) तथा महान से ऊपर उठने पर वह परम [परमात्मा] तक हो जाती है। शास्त्रों के अनुसार राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर स्वामी आदि मानव शिशु के रूप में जन्म लेकर बालक की भांति खेलकर अपनी आत्मा को विकसित कर महात्मा और परमात्मा तक हो गए। आत्मतत्व नित्य एवं शाश्वत है। आत्म-तत्व, पुष्प से भी बड़ी सुगंध की भांति अपनी महत्ता रखता है जो पुष्प को तो सुवासित करता ही है, इससे आसपास का वातावरण भी सुवासित होकर आनंदित हो जाता है।

## ज्ञान के साथ परमपद की प्राप्ति



संकलित
**प्रेरणा**

व्यासपुत्र शुकदेव सभी शास्त्रों में निपुण थे। एक समय उनके मन में यह विचार आया कि मैंने सभी शास्त्रों का अध्ययन कर लिया, किन्तु अभी तक मुझको परमानन्द का अनुभव नहीं हुआ और न यही ज्ञात हुआ कि यह संसार कैसे उत्पन्न हुआ है और कैसे इसकी निवृत्ति होगी। यह सोचकर कि उनके पिता वेदव्यास सर्वज्ञ हैं वे ही उनकी शङ्काओं की निवृत्ति करेंगे। शुकदेव अपने पिता के पास गए और उनके समक्ष उन्होंने अपनी जिज्ञासा प्रकट की। वेदव्यास ने उनको कहा-पुत्र! मैं सर्वतत्त्वज्ञ नहीं हूँ, राजा जनक सर्वतत्त्वज्ञ हैं। तुम उनके पास जाओ। वे ही तुम्हारी शंकाओं की निवृत्ति करेंगे। शुकदेव अपने पिता की आज्ञा पाकर मिथिला नगरी पहुँचे और राजा जनक के द्वार पर आकर उन्होंने द्वारपाल से राजा से मिलने का आशय प्रकट किया। द्वारपाल ने जाकर राजा से कहा कि द्वार पर शुकदेव खड़े हैं और आपसे मिलना चाहते हैं। जनक समझ गए कि शुकदेव तत्त्वज्ञान प्राप्त करने के लिए यहाँ आए हैं। कुछ सोचकर उन्होंने कहा-खड़े रहने दो। शुकदेव सात दिन तक द्वार पर ही खड़े रहे। आठवें दिन राजा ने पूछा-शुकदेव खड़े हैं या चले गए? द्वारपाल ने कहा-महाराज। ये तो उसी प्रकार निश्चल और निस्तब्ध खड़े है जैसे कि आनेवाले दिन थे। राजा ने कहा-उनको ले आओ और अन्तःपुर में महारानियों और सुन्दरियों के मध्य उनके रहने की व्यवस्था कर दो जिससे कि वे उत्तम भोजन, सुख-भोग आदि प्राप्त कर सकें। शुकदेव इस परिस्थिति में भी सात दिन रहे, किन्तु उनको वहाँ रहने से न हर्ष हुआ और न कोई शांक हुआ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आमजन की कोई कीमत नहीं**

राजनीतिक दलों और सरकारों की निगाहों में देश में आम लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं रह गई है। इसका नया प्रमाण मध्यप्रदेश और राजस्थान में दूषित खांसी की सीरिप से होने वाली मौतें हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में मिलावटी सीरिप पीने से 11 और राजस्थान में तीन बच्चो की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं है जब देश में स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इससे पहले भी विदेश में निर्यात की जाने वाली खांसी की सीरिप से मौतों के मामले सामने आ चुके हैं। उस वक्त यदि देश के औषिधी विभाग ने सख्त कदम उठाए होते तो जहरीली सीरप पीने से बच्चों की होने वाली मौतों को रोका जा सकता था।

*- रूद्रांश शुक्ला, कानपुर*

## करंट अफेयर

### एक गुर्दे के साथ पैदा हुए बच्चे रह सकते हैं स्वस्थ

भारत में बाल स्वास्थ्य से जुड़े विशेषज्ञों ने लोगों में उम्मीद जगाते हुए कहा कि केवल एक गुर्दे के साथ जन्म लेने वाले बच्चे उचित देखभाल और नियमित निगरानी और माता-पिता के पूर्ण समर्थन से पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में 'यूनिलेटरल रीनल एजेनेसिस' कहा जाता है। विश्व स्तर पर लगभग 1,000 में से एक शिशु केवल एक गुर्दे के साथ पैदा होता है जबकि 1,000 में से एक शिशु ऐसा भी जन्म लेता है, जिसके शरीर में होते दो गुर्दे हैं लेकिन केवल एक ही ठीक से काम कर रहा होता है। यह निदान हालांकि शुरू में चिंता का विषय हो सकता है लेकिन चिकित्सा पेशेवरों ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ गुर्दा, दो के मुकाबले भी सही से काम करने में सक्षम है। विशेषज्ञों ने बताया कि शरीर में काम रहा एक गुर्दा अक्सर क्षतिपूर्ति की बड़ी जिम्मेदारी संभालता है, जिसे 'कंपन्सेटरी हाइपरट्रॉफी' कहते हैं। गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में बाल शल्य चिकित्सा और बाल मूत्रविज्ञान विभाग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार सिन्हा ने बताया, "जब बच्चे के शरीर में एक ही गुर्दा है, तो इनमें से अधिकांश बच्चे बिना किसी जटिलता के बड़े हो जाते हैं।"



## ऑफ बीट

### शुभता और सेहत का प्रतीक है नारियल

नारियल का पौधा शुभता, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसे घर में लगाना बहुत मंगलकारी माना गया है। धर्म विशेषज्ञों के अनुसार, घर में नारियल का पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। यह पौधा वातावरण को भी शुद्ध करता है और सकारात्मकता बढ़ाता है। नारियल का पौधा केवल समुद्री इलाकों में ही नहीं, बल्कि घर में गमले में भी आसानी से लगाया जा सकता है। उचित देखभाल और पर्याप्त धूप मिलने पर यह पौधा अच्छी तरह बढ़ता है। यह घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ धार्मिक दृष्टि से भी शुभ माना जाता है। इसे दक्षिण दिशा में लगाना विशेष रूप से फलदायी होता है। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ। नरेंद्र कुमार ने बताया कि आयुर्वेद में नारियल को अमृत फल कहा गया है। यह शरीर को ऊर्जा, पोषण और रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है। नारियल पानी पीने से शरीर में जल संतुलन बना रहता है और पाचन शक्ति मजबूत होती है। इसमें मौजूद प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को तुरंत ताजगी देते हैं और आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया कि नारियल पानी एसिडिटी, पेट दर्द और अल्सर जैसी समस्याओं में राहत देता है। वहीं, नारियल तेल कब्ज दूर करने और पाचन सुधारने में सहायक है। यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है।



## X ट्रेंड f

### वायु शक्ति प्रदर्शन



आईएनएस विक्रांत पर एक विस्मयकारी वायु शक्ति प्रदर्शन देखा, जिसमें सटीकता और पराक्रम का प्रदर्शन किया गया। एक छोटे से रनवे पर मिग-29 लड़ाकू विमानों का कौशल, अनुशासन और तकनीकी उत्कृष्टता का अद्भुत प्रदर्शन था।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम



दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध 12 कॉलेजों को वेतन, अधोसंरचना और संचालन हेतु 108 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है, ताकि उच्च शिक्षा संस्थान और अधिक सक्षम एवं सुसंगठित बन सकें।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### जीआई टैग से सम्मानित



वंदे भारत ट्रेन में जीआई टैग से सम्मानित सांगानेरी प्रिंट के कंबल कवर को स्थान मिलना राजस्थान की शिल्पकलाओं और सांगानेर के लिए गौरव का क्षण है। यह कला अब देश के कोने-कोने तक पहुंचेगी।
-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### घुसपैठ का मुख्य प्रवेश द्वार



भौगोलिक दृष्टि से बांग्लादेश की सीमा के नजदीक स्थित झारखंड का पाकुड़ जिला आज घुसपैठ का मुख्य प्रवेश द्वार बन चुका है। यहाँ घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें सरकारी संरक्षण में योजनाबद्ध तरीके से बसाया जा रहा है।
- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 दिन के केरल दौरे पर

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हेलीकॉप्टर लैंडिंग के दौरान बड़ी घटना, केरल में धंसा हेलिपैड

नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर से केरल दौरे पर हैं। 4 दिन वे केरल में रहेंगी। बुधवार को राष्ट्रपति को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन और आरती के लिए पत्तनामथिट्टा में जाना था। इसके लिए राष्ट्रपति पत्तनामथिट्टा के प्रमदम स्टेडियम के हेलीपैड पर राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को लैंड करना था, लेकिन इस दौरान बड़ी घटना हो गई। लैंडिंग के दौरान हेलीपैड का एक हिस्सा धंस गया। राष्ट्रपति भारतीय एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर में सवार थीं। हालांकि, गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। घटना के बाद मौके पर तुरंत पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों ने धंसे हुए स्थान से हेलिकॉप्टर को बाहर निकाला।

**मंगलवार रात में बनाया गया था हैलीपेड बारिश के कारण रह गई थी नमी**

**पहले लैंडिंग पंबा में होनी थी, बाद में खराब मौसम के चलते प्रमदम में कराई गई**



भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा- अर्चना करने वाली वे पहली महिला राष्ट्रपति

## राष्ट्रपति ने सबरीमाला मंदिर में दर्शन किए

### इरुमुदिकेट्टू को हाथ में लिए पवित्र 18 सीढ़ियां (पंथिनेट्टमपदी) चढ़ीं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पारंपरिक काले परिधान पहने और इरुमुदिकेट्टू को हाथ में लिए राष्ट्रपति ने पवित्र 18 सीढ़ियां (पथिनेट्टमपदी) चढ़ीं और कड़ी सुरक्षा के बीच भगवान अयप्पा के दर्शन किए। राष्ट्रपति सुबह-सुबह पंबा पहुंचीं, पवित्र नदी में स्नान किया और पंबा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### ये कार्यक्रम हैं राष्ट्रपति के

आज गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबरीमला मंदिर के बाद राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति के.आर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु के महासमाधि शताब्दी समारोह का भी उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति की कोट्टायम जिले के पाला स्थित सेंट थॉमस कॉलेज के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होने की योजना है। 24 अक्टूबर को एर्णाकुलम स्थित सेंट टेरेसा कॉलेज के शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति शामिल होंगी।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### मंगलसूत्र नहीं दिलाया तो पत्नी ने कर ली आत्महत्या



**बड़वानी।** डॉक्टर की पत्नी ने 301 फीट ऊंचे पुल से नर्मदा नदी में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। पति डॉ. कृष्णा लोनखेड़े का कहना है कि पत्नी को मंगलसूत्र चाहिए था। उसे समझाया कि बाद में ला देंगे। इसी से नाराज होकर उसने आत्महत्या कर ली। महिला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर थी और जिले के बोराली गांव में पदस्थ थी। घटना छोटी कसरावद गांव में बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है।

**उम्मीद :** भारत के लिए बेहतर हो सकती है नवंबर की शुरुआत, आ सकती है ये खबर

# भारत-अमेरिका में टैरिफ डील निर्णायक मोड़ पर... 50 नहीं 15% टैरिफ होगा

*रिपोर्ट में यहां तक दावा किया गया है कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। कई दौर की वार्ताओं के बाद दोनों देश निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं*

नई दिल्ली,

भारत के लिए जल्द ही खुशखबरी हो सकती है। भारत लगा 50 % प्रतिशत महज 15 से 16 प्रतिशत तक रह सकता है। इसके लिए भारत अमेरिका एक डील पर काम कर रहे हैं। दावा किया गया कि दोनों देश काफी समय से एक व्यापार डील को पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। इससे भारत पर लगा अमेरिकी टैरिफ बेहद कम हो जाएगा। इसके साथ ही डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है।

जैसा कि ट्रंप लगातार रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे साफ है कि डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा। ट्रंप के मुताबिक भारत रूस से तेल खरीद बंद या कमी कर सकता है। नवंबर की शुरुआत में इस डील के होने की खबर मिल सकती है।

**दोनों देश डील के बिल्कुल नजदीक पहुंचे**



फाइल फोटो

**इस डील में कृषि और एनर्जी दोनों को केंद्र में रखा जा रहा है**

**डील में रूस से कच्चा तेल खरीदने का बिंदु जरूर शामिल होगा**

## आसियान शिखर सम्मेलन में ऐलान कर सकते हैं ट्रंप

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका और भारत के बीच यह डील अपने अंतिम चरण में है। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया कि इसी अक्टूबर के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। इसी महीने के अंत में आसियान शिखर सम्मेलन होना है। इस मौके पर ट्रंप इसका औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक दोनों देशों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### भारत रूस से तेल खरीदना कर सकता है कम

22 अक्टूबर को ट्रंप ने दिवाली की शुभकामानाएं देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था। इसके बाद ट्रंप ने दावा किया था कि पीएम मोदी रूस से तेल खरीद को बेहद कम कर देंगे। पीएम मोदी भी रूस-यूक्रेन को खत्म करना चाह रहे हैं। इससे रिपोर्ट का दावा और स्पष्ट हो जाता है कि रूस से तेल खरीद कम करने पर अमेरिका के टैरिफ से बड़ी राहत मिल सकती है।

### पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं के लिए ट्रंप को कहा धन्यवाद

**बोले- हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दिवाली की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं और प्रकाश के इस पर्व पर हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें। पीएम मोदी ने दिवाली की शुभकामनाओं का धन्यवाद करते हुए एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। इस प्रकाश पर्व पर, हमारी दोनों महान लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं विश्व को आशा की किरणों से रोशन करती रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें। दरअसल, दीवाली के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पारंपरिक दीपक जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये दीपक अंधेरे पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली समारोह से पहले ट्रंप ने मीडिया को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की, जिसमें मुख्य रूप से ट्रेड संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस दिवाली समारोह में एफबीआई निदेशक काश पटेल, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गब्बार्ड, व्हाइट हाउस के उप प्रेस सचिव कुश देसाई, अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और नई दिल्ली में वाशिंगटन के दूत सर्जियो गोर समेत प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए. इसमें भारतीय-अमेरिकी व्यापारिक नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी भाग लिया।

**महाकाल मंदिर** के गर्भगृह की घटना

# ड्रेस कोड और पगड़ी को लेकर विवाद, गाली-गलौज और हाथापाई की 'नौबत'



विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने घटना की निंदा की



महंत महावीरनाथ

**गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच गाली-गलौज**

**दोनों ने मंदिर प्रशासक व कलेक्टर से शिकायत की, महेश पुजारी पर परेशान करने का आरोप**

नई दिल्ली,

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को एक अप्रिय घटना हुई। मंदिर के गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीरनाथ के बीच विवाद हो गया। विवाद ड्रेस कोड और पगड़ी उतारने को लेकर हुआ।

यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जानकारी के मुताबिक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के महंत महावीरनाथ, गोरखपुर से आए महंत शंकरनाथ महाराज के साथ सुबह सवा आठ बजे दर्शन पूजन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे थे। गर्भगृह में प्रवेश के समय मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने उनसे कहा कि वे ड्रेस कोड का पालन करें और पगड़ी उतारें। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। महंत महावीरनाथ ने आरोप लगाया कि पुजारी महेश शर्मा सभी श्रद्धालुओं को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ आए महंत हार्ट पेशेंट हैं, फिर भी उनसे पगड़ी और कपड़े उतरवाए गए। महंत ने कहा कि वे कलेक्टर को ज्ञापन देकर महेश शर्मा को मंदिर से हटाने की मांग करेंगे।

**एक एकड़** जमीन पर दो पक्षों में विवाद

## दुकान पर दीया जला रहे

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र० 202510020700064 /ब-121/2025-26

**प्रस्तावित नक्शा का अंतिम ईश्तहार प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा०प्र०क्र० 202510020700064/ब-121/2025-26 कामता प्रति छ.ग. शासन में ग्राम बरढोठी स्थित खसरा नबर 691/3 रकबा 0.057 हे. भूमि का नक्शा बटांकन कर शुजस्व निरीक्षक के माध्यम से मंगाया गया। जिसका अंतिम प्रकाशन कराया जा रहा अतः उक्त नक्शा बटांकन में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेश दिनांक 07/11/2025 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

## नाम परिवर्तन

मैं जैसवाल सिंह शोरी पिता स्व. सुखनन्दन सिंह उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम-पलका, पोस्ट-सलका, तहसील-उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्री का सही व वास्तविक नाम नम्रता सिंह शोरी (NAMRATA SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) है जो कि पुत्री की अंकसूची 10वीं व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जबकि बच्ची के आधार कार्ड में बच्ची का नाम नम्रता सिंह सोरी दर्ज है जो कि गलत है।

अतः आज से मेरे पुत्री का वास्तविक नाम नम्रता सिंह शोरी (NAMRATA SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) के नाम से जाना पहचाना एवं समस्त दस्तावेज में दर्ज किया जाए। इस संबंध में मेरा स्वंय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
जैसवाल सिंह शोरी
(JAISWAL SINGH SHORY)

## नाम व पिता के नाम में परिवर्तन

मैं जैसवाल सिंह शोरी पिता स्व. सुखनन्दन सिंह उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम-पलका, पोस्ट-सलका, तहसील-उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शिशुपाल सिंह शोरी (SHISHUPAL SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) है। जो कि बच्चे के अंकसूची (5 वीं) व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है जबकि बच्चे के आधार कार्ड में बच्चे का नाम शिशुपाल सिंह शोरी (SHISHUPAL SINGH SHORY) पिता जायसवाल सिंह (JAISWAL SINGH) दर्ज है जो कि गलत है। अतः आज से मेरे पुत्र का नाम शिशुपाल सिंह शोरी (SHISHUPAL SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) के नाम से जाना पहचाना एवं समस्त दस्तावेज में दर्ज किया जाए। इस संबंध में मेरा स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
जैसवाल सिंह शोरी
(JAISWAL SINGH SHORY)

## नाम व पिता के नाम में परिवर्तन

मैं जैसवाल सिंह शोरी पिता स्व. सुखनन्दन सिंह उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम-पलका, पोस्ट-सलका, तहसील-उदयपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्री का सही व वास्तविक नाम रंजना सिंह शोरी (RANJANA SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) है। जो कि पुत्री के अंकसूची (8 वीं) व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, जबकि बच्ची के आधार कार्ड में बच्ची का नाम रंजना सिंह सोरी (RANJANA SINGH SORI) पिता जयसवाल सिंह सोरी (JAISWAL SINGH SORI) दर्ज है। जो कि गलत है। अतः आज से मेरे पुत्री का वास्तविक नाम रंजना सिंह शोरी (RANJANA SINGH SHORY) पिता जैसवाल सिंह शोरी (JAISWAL SINGH SHORY) के नाम से जाना पहचाना एवं समस्त दस्तावेज में दर्ज किया जाए। इस संबंध में मेरा स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
जैसवाल सिंह शोरी
(JAISWAL SINGH SHORY)

## सपा नेताओं के सनातन विरोधी बयानों पर डॉ. राजेश्वर सिंह की दो-टूक

लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बृहस्पतिवार को जारी दो प्रभावशाली सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से एक ओर समाजवादी पार्टी द्वारा भारतीय परंपराओं पर किए जा रहे असंवेदनशील राजनीतिक वक्तव्यों पर करारा प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों द्वारा देश को विभाजित करने की नीति पर गंभीर टिप्पणी की।दीपोत्सव के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव जी और आजम खान के बयानों को भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने कहा, दीपक केवल मिट्टी का पात्र नहीं, भारत की आत्मा का प्रतीक है। वह ज्ञान का प्रकाश, शुभ कर्मों की प्रेरणा और धर्म की स्थिरता है।

## दो भाइयों का 'कत्ल'

**तीसरे की हालत गंभीर**

एक भाई ने मौत से पहले रिकॉर्ड किया मैसेज



चौकी प्रभारी

**परिजनों ने नेशनल हाईवे 43 पर चक्काजाम कर दिया**

**चौकी प्रभारी आशीष झारिया लाइन हाजिर**

नई दिल्ली,

शहडोल जिले में तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी गई। बचाने पहुंचे तीसरे भाई पर भी हमला किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के मुख्य आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढ़ार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया को लाइन हाजिर कर दिया। घटना मंगलवार रात बलबहरा गांव की है।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन नगर सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोमेश्वर सिंह आ. जवाहर लाल सिंह, जाति गोंड़, निवासी सूरजपुर, तहसील व जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि नगर सूरजपुर, प.ह.नं. 11. रा.नि.मं. सूरजपुर, तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 2739 रकबा 0.1050 हे. में से रकबा 0.048 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 30-10-2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22-10-2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

रा०प्र०क०//अ-2/2023-24

-ईश्तहार::-

एतद द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम सोनपुर को सूचित किया जाता है। आवेदक जगनारायण आ. भैयालाल जाति तेली निवासी ग्राम सोनपुर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर अन्य ने अपने स्वामित्व व अधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम सोनपुर प.ह.नं.09 रा.नि.म. पटना तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 1812/2 रकबा 0.05 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, रजिस्ट्री की छायाप्रति, बी-1, खसरा, नक्शा, सरगुजा सेटलमेंट, रिनबरिंग सूची की छायाप्रति एवं ग्राम पंचायत सोनपुर का अन्नापति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07.11.2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 17.10.2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-25

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनीता साहू आ. सत्यनारायण, जाति तेली, निवासी ग्राम सोनपुर, तहसील रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि सूरजपुर, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. सूरजपुर, तहसील सूरजपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 2328/5 रकवा 0.02 है. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का निवेदन किया गया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 06/11/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 23/10/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०..../अ-2/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम जरहाडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेशमा बेगम खान पति इसरार खान, जाति मुसलमान, निवासी नवागढ, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम जरहाडीह, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 457/2 रकबा 0.079 हे० भूमि को कृषि भिन्न से व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री, इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०//अ-20(3)/2024-25

ईश्तेहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राहुल कश्यप आ. रमाशंकर कश्यप उम्र लगभग 38 वर्ष जाति कहार निवासी सदर रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 3 स्थित नजूल भूखण्ड कमाक 1003/6 रकबा 420.02 वर्गफीट भूमि को अनावेदक /केता रोबिन्स सिंह छाबडा आए जगदीश सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष जाति सिक्ख निवासी गुरुद्वारा वार्ड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-31/10/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़

ईश्तहार

लखनपुर दिनाँक 13/10/2025

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्रामः- कोसंगा
तहसीलः लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका समयलाल आ. स्व. बभनू निवासी ग्राम कोसंगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (माता) स्व० करमकुवंर की मृत्यु दिनांक 12/08/2010 को हो जाने से (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म मृत्यु रजि० नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 29/10/2025 को सूनवाई की जानी है।

आवेदक/अवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 29/10/2020 के पूर्व वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 29/10/2025 इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनॉक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

तहसीलदार
लखनपुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती संगीता गुप्ता पत्नि स्व संतोष गुप्ता संकल्प गुप्ता आ.स्व. संतोष गुप्ता, निवासी बम्हरोड ब्रम्ह मंदिर के पास, शीतला यार्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा तदाशय का का आवेदन प्रस्तुत्त किया गया है, कि आवेदकगण के पति / पिता संतोष गुप्ता के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की शीट नं 09, मोहल्ला शीतला वार्ड ब्रम्हरोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट नं. 3334, 3335 रकबा क्रमशः 0.05, 0.06 एकड़ भूमि स्थित है। आवेदकगण के पति/पिता संतोष गुप्ता की मृत्यु दिनांक 23.03.2024 को हो गई है। अतः भूधारक संतोष गुप्ता की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से उनका नाम विलोपित्त कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु मृत्तक भूधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रत्ति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक-07/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 09/10/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका ममता केशरी पुत्री किशोरी लाल केशरी, उम्र 28 वर्ष जाति केशरवानी, निवासी सत्तीपारा ब्रम्हरोड, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया है, कि आवेदिका के द्वारा अनावेदक महेन्द्र सिंह नामदेव पिता स्व. महिपाल सिंह, उम्र 40 वर्ष, जाति दर्जी निवासी मोहल्ला सत्तीपारा, अम्बिकापुर के स्वामित्व व अधिपत्य की शीट नं. 02 मोहल्ला सत्तीपारा अम्बिकापुर स्थित भूख.क्र. 719/7 रकबा 362 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र 22.09.2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर उक्त क्रयशुदा भूमि के के नजूल अभिलेख से अनावेदक/विक्रेता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदिका द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/11/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## जिले के 05 पी.एम. केयर्स बच्चों से मिले कलेक्टर, उत्साहवर्धन किया और दी दीपावली की शुभकामनाएं

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने आज कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए पांच बच्चों से मुलाकात की, जो प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी हैं। कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय वार्तालाप करते हुए उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल की जानकारी ली।

मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों को कलेक्टर कार्यालय का भ्रमण कराया और दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, जीवन में आगे बढ़ने और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत कोरोना काल में अपने माता-पिता दोनों को खोने वाले बच्चों की समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे के नाम पर कलेक्टर के साथ संयुक्त खाते में 10 लाख की राशि जमा की गई है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद बच्चों को इस राशि का ब्याज लगभग 5,000 रुपये से 6,000 रुपये प्रतिमाह प्राप्त हो रहा है, जबकि 23 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उन्हें मूल राशि 10 लाख रुपये प्रदान की जाएगी, जिससे उनके आत्मनिर्भर जीवनयापन में सहायता मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र पाटले, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, लेखापाल वरुण सैंदाणे तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू उपस्थित रहीं।

# हाथियों ने रसौकी में मचाया उत्पात, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, फसल रौंदी





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र के रसौकी गांव में बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया।

करीब 10 से 12 हाथियों का दल गांव में घुस आया और किसानों की खड़ी धान की फसल को पूरी तरह रौंद डाला। रातभर गांव में अफरातफरी और दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों के इस फसल खाकर नसकान पहुंचा है किसानों महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह और अजय प्रताप सिंह की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों ने बताया कि यह वही फसल थी जिससे पूरे साल परिवार की जीविका चलती थी। अब इन गरीब किसानों के सामने दोहरी मार पड़ी है एक तरफ फसल की बर्बादी, दूसरी तरफ केसीसी लोन की अदायगी का संकट। कई किसानों ने समिति मोहरसोप से कर्ज लेकर खेती की थी, अब जब फसल ही नष्ट हो गई, तो लोन चुकाने की चिंता ने सबकी नींद उड़ा दी है।

### वन विभाग की टीम ने की देर रात निगरानी

ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सटे वन क्षेत्र में आता है, जहां से हाथियों का दल आए दिन गांवों में पहुंच रहा है। हालांकि बुधवार की रात वन विभाग एवं राष्ट्रीय उद्यान की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक हाथियों की गतिविधियों की निगरानी करती रही।

टीम ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दी और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर हाथियों को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने और प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता राशि देने की मांग की है।

# खोहीर गांव में सोलर पावर प्लांट ठप, महीनों से अंधेरे में ग्रामीण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** दूरस्थ एवं पहाड़ी अंचल क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत खोई के खोहीर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से लगा 10 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट पूरी तरह से ठप हो गया है।

घटना को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो सिस्टम की मरम्मत की गई है और न ही वैकल्पिक बिजली व्यवस्था की गई। सोलर प्लांट बंद होने से गांव के घरों और गलियों में अंधेरा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय पूरे इलाके में अंधेरा रहने के कारण जंगली जानवरों, विशेषकर हाथियों का आतंक बढ़ गया है।

पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड बार-बार गांव की सीमा में प्रवेश कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के



परिक्षेत्र से लगा हुआ है, जहां से जंगली हाथी अक्सर भटक कर आसपास के गांवों में पहुंच जाते हैं। अंधेरे में किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि सोलर पावर प्लांट के माध्यम से गांव की बिजली आपूर्ति सुचारू रहती थी, लेकिन आकाशीय बिजली गिरने के बाद से पूरा सिस्टम जल गया है। बार-बार शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीण जिला प्रशासन एवं ऊर्जा विभाग से जल्द से जल्द सोलर पावर प्लांट की मरम्मत कर पुनः बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वन विभाग से हाथियों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी अपील की है।

# प्रेमनगर क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**



**सूरजपुर।** प्रेमनगर क्षेत्र में हाथियों का उत्पात तीसरे दिन भी जारी रहा।आज सुबह हाथियों का झुंड सड़क पार करते दिखने से लोग दहशत में आ गए।तारा से प्रेमनगर मुख्य मार्ग पर यह नजारा देखने को मिला।सड़क पार करते हाथी की तस्वीर राहगीरों ने अपने कैमरे में कैद की है।बताया गया है कि हाथी बीट क्रमांक 1983/84 के बज बहार के समक्ष के जंगलों में डेरा जमाएं हुए हैं। इन दिनों दर्जन भर से अधिक हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है।वन विभाग मुस्तैदी के साथ कर रहा निगरानी व लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

वन परिक्षेत्र रामानुजनगर के कांटारौली में भी हाथी देखे गए जिससे लोग भारी दहशत में है।

## जमीन पर सोए व्यक्ति की सर्पदंश से मौत



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सर्पदंश से जमीन पर सोये व्यक्ति की मौत हो गई है।खाना खाकर सोये व्यक्ति को देर रात विषैले सांप ने काट लिया। बताया गया है कि पत्नी व बच्चे खाट पर सोये थे जबकि मृतक घोटु जमीन पर सोया था इसी दौरान सांप ने काट लिया। लांजित के खालपारा की यह घटना है।

# ज्वेलरी दुकान में चोरों का धावा, 5 लाख के जेवरात पार, सीसीटीवी में कैद हुए चोर



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नगर के भैयाथान रोड के श्री विनायक ज्वेलर्स दुकान में बीती रात चोरों शटर को तोड़कर लगभग 5 लाख के कीमती सोने चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। आज सुबह ज्वेलर्स संचालक मनोज सोनी को दुकान के शटर टूटने की जानकारी मिलने पर जाकर देखा तो ज्वेलर्स दुकान में रखे 1 किलो पुराना चांदी,2 किलो नया चांदी, 11 ग्राम सोने ,कुछ फैंसी आइटम के आभूषणों को अज्ञात चोरों के हाथ साफ कर दिए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमे 4 अज्ञात चोर चेहरे में कपड़ा बांधकर चोरी करते नजर आए। एक चोर दुकान के बाहर था तो एक चोर दुकान के गहने को समेटते हुए नजर आए। फिलहाल ज्वेलर्स संचालक ने चोरी की घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दिया है। ज्वेलर्स दुकान में लाखों की चोरी की घटना से नगर के ज्वेलर्स संचालक डरे हुए है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.)**

पत्र क्रमांक 4363 व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2025 बलरामपुर, दिनांक 17-10-2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर अन्तर्गत निम्न निविदाएं अपरिहार्य कारणों से निरस्त किये जाते हैं।

| स.क्र. | सिस्टम क्रमांक | निविदा सूचना क्र. /दिनांक | जी क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 170323 | 05/20-06-2025 | 252601708 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्डः बलरामपुर ( छ.ग. )

जी-252604289/1



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी ( सा. )**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ ( छ.ग. )**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध पुराना ईमारती काष्ठ एवं नये जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम – काष्ठागार जनकपुर
नीलाम दिनांक – 31-10-2025
नीलाम समय – प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | नग | घ0मी0 | नग | घ0मी0 | नग | घ.मी. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 366 | 27.585 | 3693 | 41.491 |
| 2 | साल | 0 | 0 | 17164 | 1739.942 | 3298 | 87.314 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 220 | 25.440 | 82 | 1.807 |
| 4 | हल्दू,मुण्डी,बांसा | 0 | 0 | 13 | 1.016 | 0 | 0.000 |
| 5 | धावड़ा | 0 | 0 | 20 | 2.121 | 7 | 0.218 |
| 6 | सतकठा | 0 | 0 | 76 | 6.216 | 2 | 0.089 |
| | योगः- | 0 | 0 | 17859 | 1802.320 | 7082 | 130.919 |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 80 चट्टा नया | | 922 चट्टा पुराना | | | |
| | योग :- | 80 चट्टा नया | | 922 चट्टा पुराना | | | |

टीप :- 1. केता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. केताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

जी-252604285/2


# नगर सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कलेक्टर, एसपी ने ली जनप्रतिनिधि व व्यापारी की बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नगर में शांति, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने नगरपालिका पार्षदगणों, एसडीएम सूरजपुर, नगर पालिका अधिकारियों, व्यापारी संघ, सर्राफा संघ, राइस मिल संघ के अध्यक्षों सहित अन्य संबंधित लोगों की संयुक्त बैठक ली।बैठक में नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नगर के संवेदनशील एवं प्रमुख क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और पुलिस द्वारा नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही अशांति फैलाने या कानून व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए।बैठक के दौरान नगर की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने सड़क पर अतिक्रमण करने वाले एवं यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग एवं नो पार्किंग जोन निर्धारित कर उसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने नाली व्यवस्था को दुरुस्त करने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों की भागीदारी से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रत्येक वार्ड में सफाई को लेकर विशेष कैंपेन चलाने की बात कही ताकि सूरजपुर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस दौरान सी एस पी डी सी एल के कर्मचारियों द्वारा पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि सौर ऊर्जा आधारित बिजली को घर घर तक पहुंचाने के लिए शासन द्वारा पीएम सूर्यघर योजना चलाई जा रही है। जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षमता के सोलर आधारित सिस्टम इंस्टॉल किए जा रहे हैं। जिसके केंद्र और राज्य शासन द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है।इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों और संघों के पदाधिकारियों ने नगर की समस्याओं और सुधार के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।



### नगर को स्वच्छ बनाने पर सहयोग की अपील

कलेक्टर ने सभी के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से ही नगर को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।

# ज्ञान के मंदिर में दीपदान से जगमगाया विद्यालय परिसर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.एस. लकड़ा रामानुजनगर द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत दीपावली के पावन अवसर पर समस्त विद्यालयों में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में दीपदान कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण दीपों की पंक्तियों से जगमगाने लगा, जिससे पूरा परिसर ज्ञान के मंदिर की भांति आलोकित हो उठा। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय भवन, कक्षाओं और प्रवेश द्वार को दीपों एवं रंगोली से सजाया। रंग-बिरंगी रंगोलियों ने दीपोत्सव की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रेम, प्रकाश और संस्कार का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान और पर्यावरण हितैषी उत्सव मनाने की प्रेरणा देना रहा।




शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने भी सभी विद्यालयों को दीपावली के दिन ज्ञान के मंदिरों में दीपदान करने का संदेश दिया। उनके प्रेरक संदेश से प्रेरित होकर विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन को सफल बनाया। विद्यालय के शिक्षक योगेश साहू एवं बच्चों ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# कृषि व संबंध विभाग की ली गयी समीक्षा बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में आज कृषि के साथ साथ संबंध विभागों की मासिक समीक्षा बैठक ली



गई। बैठक में खरीफ फसल वर्ष 2025, आगामी रबी वर्ष 2025-26 की कृषि गतिविधियों, योजनाओं की प्रगति एवं फसल विविधीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पीएम-फसल बीमा योजना, पीएम किसान योजना इत्यादि पर बिंदुवार चर्चा की गई। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत संदिग्ध लाभार्थियों की पहचान एवं भौतिक सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी व आधार सीडिंग में मौजूद तकनीकी गैप को दूर कर पात्र किसानों को समय पर लाभ देना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने, सभी मत्स्य पालकों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित को दिये गये।

बैठक में पशुपालन विभाग की संचालित गतिविधियों एवं योजनाओं पर भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पशुओं के पंजीयन, उपचारित पशुओं की संख्या, टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली।

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर 24 अक्टूबर 2025 8

# सरगुजा फ्रंटलाइन



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088


# बैंक फ्रॉड से बचने के लिए किसानों से जागरूक रहने की अपील

## किसानों को जैविक खेती अपनाने किया प्रेरित, ग्राफ्टेड टमाटर के पौधे का वितरण



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरमा में गुरूवार को जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुधन विकास विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं नवीन तकनीकों की जानकारी हेतु स्टॉल लगाए गए, जिनका जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में किसानों ने अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसान सम्मान निधि की राशि अब सीधे ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे किसानों को बैंक के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से बचने और मृदा की पोषकता बनाए रखने पर किसानों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पशुधन विकास विभाग के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को गति दी जा रही है, जिससे 90 प्रतिशत बछिया प्राप्त होने की संभावना बढ़ी है। मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने और जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि किसान मेला किसानों के लिए नवाचार एवं तकनीकी ज्ञान का मंच है। यहां विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे किसानों को खेती-बाड़ी में आधुनिक तकनीक अपनाने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। उन्होंने किसानों से बैंक संबंधी सतर्कता बरतने की अपील की और कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई पसीना बहाकर अर्जित करते हैं, लेकिन कई बार बैंक धोखाधड़ी के मामलों में उनकी गाढ़ी कमाई चली जाती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे अपने बैंक पासबुक का स्टेटमेंट हर 15 से 30 दिनों में अवश्य जांचें, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदेहास्पद लेन-देन का तुरंत पता चल सके। उन्होंने कहा कि फ्रॉड का शिकार होने के बाद अपराधी भले ही जेल चला जाए, लेकिन किसान की मेहनत की कमाई वापस नहीं होती। सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि यदि किसी किसान को बैंक लेन-देन में समस्या होती है या किसी प्रकार की धोखाधड़ी की आशंका होती है, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके। अंत में जिले के सर्वश्रेष्ठ पशुपालकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिपं सदस्य राधा रवि, नानमनी पैकरा, कृषि स्वामित्व समिति की अध्यक्ष दिव्या सिंह सिसोदिया, पूर्व हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, कृषि मंत्री प्रतिनिधि रविन्द्र तिवारी, पार्षद कमलेश तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरमा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा, उप संचालक पितांबर सिंह दिवान, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक जयपाल सिंह मरावी, मत्स्य पालन विभाग उप संचालक सतीश अहिरवार, पशुधन विकास विभाग से डॉ. रुपेश सिंह, समस्त विभाग के अधिकारी कृषक उपस्थित रहे।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में वीर शहीद गौतम राम को दी श्रद्धांजलि

## पुलिस स्मृति दिवस पर शासकीय उमावि लटोरी में आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वीर शहीद गौतम राजवाड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर शहीद गौतम के माता-पिता, भाई एवं बीडीसी रंजनी पैकरा, एसएमडीसी अध्यक्ष कामेंद्र राजवाड़े, एस.पी. जायसवाल पूर्व बीईओ, बी.डी. सिंह पूर्व एबीईओ, देवेंद्रनाथ दुबे राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक, विनोद तिवारी, अनिल तिवारी द्वय पूर्व वरिष्ठ प्रधानपाठक, शिवराज सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। गौतम राजवाड़े लखनपुर थाना क्षेत्र के तराजू के रहने वाले थे, जिनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी हुई। इसके बाद वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में अध्यनरत थे। इसी दौरान उनका भारतीय पुलिस सेवा में 2009 में चयन हुआ। पुलिस विभाग में नौकरी के दौरान उन्हें 10 प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ था। देश की सेवा करते करते वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा के थाना कुआंकोड़ा में एसटीएफ बघेरा दुर्ग एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी के साथ वे 19 फरवरी 2015 को सुबह 10 बजे के लगभग जिला सुकमा के जंगल में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ में सिर में गोली लगने से शहीद हो गए। प्राचार्य बी.एन. प्रसाद ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को शहीद वीर गौतम राम के साहस का परिचय कराते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वीर शहीद गौतम राम के स्मृति में कविता पाठ भी हुआ, और 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उप प्राचार्य मनोज महंत, वरिष्ठ व्यख्याता राकेश कुमार पांडे, जीएस राजवाड़े, विशाल, माखन, जगन, बाबूनाथ सहित अन्य वरिष्ठजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## कीटनाशक डालकर बनाई गई चाय पीने से बिगड़ी तबियत, हो गई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कीटनाशक सेवन करने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, वहीं एक पुरूष चाय बनाते समय शक्कर, चायपत्ती की जगह कीटनाशक डालकर सेवन कर लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। मृतक को एक आंख से कम दिखाई देता था। पुलिस ने दोनों मामले में मर्ग कायम करके मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बासेन का बिहारी साय पिता स्व. सुखन साय 65 वर्ष अपनी पत्नी के साथ अलग रहता था। 20 अक्टूबर को उसका पुत्र लाजरूस तिर्की मजदूरी करने के लिए गया था। मृतक के पुत्र का कहना है कि उसके पिता चाय पीने के आदी थे। 20 अक्टूबर की शाम को करीब 5 बजे उसके पिता चाय बनाते समय शक्कर, चायपत्ती की जगह कीटनाशक डाल दिए। चाय को पीने के बाद वे अचेत हो गए। जब वह मजदूरी करके घर आया, तो उसके पिता बेहोशी की हालत में पड़े थे। आननफानन में वह अपने पिता को उदयपुर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा, यहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था, यहां इलाज के दौरान 23 अक्टूबर को देर रात 1.15 बजे उसकी मौत हो गई।


दूसरे मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोरिमा की तिहारो नागेश पति घमंडी चेरवा, 22 अक्टूबर को घर के रखे कीटनाशक का सेवन कर ली, जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह सोसायटी में धान बेचने के लिए खाता खोलवाने लुंड्रा गया था। इसी दौरान उसकी दूसरी पत्नी, पहली पत्नी से पुत्र श्यामसुंदर के घर के पास गिलास में कीटनाशक का सेवन कर ली थी। इस पर उसके पुत्र की नजर पड़ी थी, लेकिन वह शराब पी रही होगी, सोचकर ध्यान नहीं दिया।

# पीडीएस भवन के शटर का ताला तोड़कर चावल और शक्कर की चोरी



**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोसगा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे चावल, शक्कर को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोसगा में शंभू समूह के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा है। गांव में लगभग 800 राशनकार्ड धारक हैं। अक्टूबर माह में 627 हितग्राहियों को राशन वितरण किया गया था, लगभग डेढ़ सौ हितग्राहियों को राशन वितरण करना शेष था। दीपावली पर्व और शक्कर का आवंटन कम होने के कारण 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक शासकीय उचित मूल्य दुकान को बंद रखा गया था। 23 अक्टूबर, गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे ट्रक राशन लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचा, तो राशन उतरवाने समूह के सदस्य पहुंचे। इन्होंने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखे लगभग 77.78 क्विंटल चावल 5.35 क्विंटल शक्कर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। समूह के लोगों ने लखनपुर थाने में आवेदन देकर घटनाक्रम की जानकारी दी है। लखनपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासी सशंकित हैं। रात्रि गस्त बढ़ाने की मांग हो रही है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है।

# आबकारी उड़नदस्ता टीम ने नशीले इंजेक्शन विक्रेता को जेल दाखिल किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने 23 अक्टूबर को लुण्ड्रा क्षेत्र में गस्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम पार्वतीपुर निवासी एक व्यक्ति के घर से प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम ने शैलेष पैकरा के घर में दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर अलमारी में एक थैले में रखा 35 नग अलग-अलग नाम का प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार करके न्यायालय अंबिकापुर में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले को नशीले इंजेक्शन से मुक्त करने की दिशा में अथक प्रयास जारी है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का की सराहनीय भूमिका रही।

# खुशी का पल जरूरतमंद बच्चों के साथ बांटा सेवाभावी महिलाओं ने



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** खुशी का पल जरूरमन्दों के साथ बांटने का आनंद ही कुछ और है। 'उन बच्चों के चेहरे पर आई लाली, हम सबने मनाई उनके साथ दीवाली' के क्रम में सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में विगत कई वर्षों से शहर की सेवा भावी बहनों द्वारा नए कपड़ों का वितरण जरूरतमंद बच्चों को किया जाता है। इस नेक कार्य में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए मुकेश अग्रवाल पटाखा देकर, वहीं मनपसंद पंचशील, जायसवल होटल के मिठाई की मिठास का स्वाद मातृछाया, बाल सम्प्रेक्षण गृह, विशेष बालक गृह, गांव में और शहर के आसपास के जरूरतमन्द बच्चों को मिला। बच्चों को नए कपड़े, पटाखा, मिठाई बांटकर छोटी सी खुशी बांटने की कोशिश की गई। इस सेवा कार्य में शहर की सेवा भावी बहनों में डॉ. पुष्पा सोनी, शारदा अग्रवाल, वन्दना दत्ता, नीलिमा गोयल, लिलि बसु, इला शर्मा, अर्चना दीक्षित, अनुभा डबराल, अंजुम शमीम, सीता शर्मा, रत्ना श्रीवास्तव, पूनम जायसवाल, नुजहत फातिमा, संजीता स्वर्णकार, आशा गुप्ता, विमला यादव, सिम्मी छाबड़ा, ज्योति चोपड़ा, विक्की कथूर, नमिता चावला, सपना चोपड़ा, किरण भाटिया, सुनीता चोपड़ा, रीना पॉल, रीता चोपड़ा ने कुछ खुशियों के रंग जरूरतमन्द बच्चों के जीवन में भरने की कोशिश की। इस बार की दीपावली में 100 जरूरतमंद बच्चों को नए कपड़े देकर सेवा भावी बहनों ने बच्चों के चेहरे में लाली लाने की कोशिश की और इनकी दीपवाली को शानदार बनाया। इस विशेष आयोजन का संयोजन वन्दना दत्ता ने किया था, जिसमें श्यामलाल जायसवाल, निशांत गुप्ता, मनपसंद, आयुष जायसवाल का भरपूर सहयोग मिला।

# जुआ खेलते समय मामूली बात पर चला चाकू

## जख्मी युवक का चल रहा उपचार, आरोपी गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरखी में बुधवार को देर रात जुआ खेलने के दौरान जुआरियों के बीच हुए विवाद के बाद खूनी संघर्ष की स्थिति बन गई। मामला पुलिस तक पहुंचा है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक जुआ खेलने के दौरान प्रदीप पैकरा और अनिल यादव के बीच किसी बात को लेकर पहले तो कहासुनी की स्थिति बनी, बाद में प्रदीप अचानक अपने पास रखे चाकू से अनिल पर प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे उसके सीने और हाथ में गहरी चोटें आई हैं। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। घायल अनिल को जिला चिकित्सालय बलरामपुर लाया गया। गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित युवक की स्थिति की जानकारी लिए। उन्होंने चिकित्सकों से बेहतर उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है।

# चित्रगुप्त मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठान, सामूहिक हवन में शामिल हुए लोग



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कायस्थ समाज द्वारा गुदरी बाजार में स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में गुरूवार को कलम-दवात की पूजा की गई। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके पहले चित्रगुप्त पूजा की पूर्व संध्या पर समाज के लोगों ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी किया गया था। कायस्थ समाज ने भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धाभाव के साथ की। मुख्य आयोजन गुदरी बाजार स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुआ। इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद समाज के लोगों ने भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार समाज द्वारा कलम-दवात की पूजा की गई। पूजा के बाद सामूहिक हवन का आयोजन और प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में डॉ. व्हीके वर्मा, हेमंत सिन्हा, डॉ. जेपी श्रीवास्तव, जयेश वर्मा, विकास वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, सिद्धेश्वर सिन्हा, कृनेश सिन्हा, मनीष मेहता सहित समाज के लोग काफी संख्या में शामिल हुए।




# जीवन में ज्ञान का दीप जलाएं, समाज में सकारात्मकता फैलाएं

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में दीपावली के मौके पर रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम लखन सिंह पैकरा जनजाति प्रदेश महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह बाबरा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सौरभ सिंह, प्राचार्य डॉ. अंजन सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रजत महोत्सव अंतर्गत मतदाता जागरूकता की शपथ के साथ हुआ। प्रशिक्षार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनकी प्रस्तुति में आध्यात्मिक भावना को प्रकाशित कर अंधकार पर विजय का संदेश झलक रहा था। भावी शिक्षकों की सृजनशीलता और कलात्मक अभिव्यक्ति ने उपस्थित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की आखिरी कड़ी में प्राचार्य ने कहा दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं बल्कि मानवता, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें अपने जीवन में भी ज्ञान का दीप जलाना चाहिए और समाज में सकारात्मकता फैलानी चाहिए। आयोजन में समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. पूजा दुबे, सुमन पाण्डेय, डॉ. रानी पाण्डेय, चंदा सिंह, नीरू त्रिपाठी एवं श्वेता तिवारी ने अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर समूचा महाविद्यालय परिवार दीपों की मनमोहक आभा, सज्जा और उमंग से आलोकित हो उठा।

# संयुक्त मोर्चा के आंदोलन में 'भटगांव खदान बचाओ, सीटीओ लाओ' के लगे नारे

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में कार्यरत चार प्रमुख ट्रेड यूनियनों एचएमएस, इंटक, एटक और सीटू ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गुरूवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरु कर दिया है। इसी क्रम में धरना स्थल पर भटगांव खदान बचाओ, सीटीओ लाओ के नारे गूंजे। संयुक्त मोर्चा ने पहले ही 8 अक्टूबर को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि भटगांव भूमिगत खदान का सीटीओ 31 अक्टूबर से पूर्व स्वीकृत नहीं किया गया और अन्य श्रमिक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे 22 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। यूनियन के नेताओं का कहना है कि प्रबंधन की लापरवाही और मजदूर विरोधी नीतियों के कारण क्षेत्र की खदानें बंद होने की कगार पर हैं। मजदूरों के हक की लड़ाई अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। धरना की जानकारी इनके द्वारा एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर, जिला प्रशासन सूरजपुर, पुलिस विभाग और स्थानीय प्रबंधन को पूर्व में भेज दी गई थी। संयुक्त मोर्चा ने कहा है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर